| | |
|---|---|
| पंख जमना | मृत्यु या विनाश के लक्षण प्रकट होना। बुरे रास्ते पर जाने का रंग ढंग दिखाई पड़ना। |
| पंखा करना | पंखा हिला या डुलाकर वायु संचारित करना। |
| पंच की दुहाई | सहायता की पुकार। |
| पंच की भीख | लोक-अनुग्रह। सर्वसाधारण की कृपा। सबका आशीर्वाद। उ०- और ग्वाल सब गृह आए गोपालहि बेर भई। ----- राज करैं वे धेनु तुम्हारी नंदहि कहति सुनाई। पंच की भीख सूर बलि मोहन कहति जसोदा माई। सूर । |
| पंच परमेश्वर | पंचों का कहना ईश्वर वाक्य के तुल्य है। |
| पंच बदना | झगड़े का फैसला करने के लिए मध्यस्थ बनाना। |
| पंच मानना | झगड़ा निपटाने के लिए मध्यस्थ बनाना। |
| पंचतत्व को प्राप्त होना | मरना। |
| पंजा फेरना | पंजे की लड़ाई में प्रतिद्वंदी को हराना। |
| पंजा फैलाना | लेने या अधिकार में करने के लिए हाथ बढ़ाना। ह का डौल करना। लेने का उद्योग करना। |
| पंजा बढ़ाना | लेने या अधिकार में करने के लिए हाथ बढ़ाना। हथिय क ा डौल करना। लेने का उद्योग करना। |
| पंजा मारना | लेने के लिए हाथ लपकाना। झपट्टा मारना। |
| पंजा मोड़ना | पंजे की लड़ाई में प्रतिद्वंदी को हराना। पंजे की लड़ में जीतना। |
| पंजा लड़ना | एक प्रकार की कसरत या बल परीक्षा जिसमें दो आदमी एक दूसरे की उंगलियों में उंगलियां फंस मरोड़ने का प्रयत्न करते हैं। |
| पंजा ले जाना | पंजा लड़ाने में जीत जाना। दूसरे का पंजा मो |
| पंजा लेना | कसरत या बल परीक्षा के लिए उंगलियों को जोर लगाना। |

| | |
|---|---|
| पंजे फाड़कर पीछे पड़ना | हाथ धोकर पीछे पड़ना। जी जान से लगना या तत्पर होना। सिर हो जाना। |
| पंजे मै | पकड़ मै। मुट्ठी मै। ग्रहण मै। अधिकार मै। कब्जे मै। वश मै। ऐसी स्थिति मै जिसमे जो चाहे किया जा सके। |
| पंजे से | पकड़ से। मुट्ठी से। अधिकार से। कब्जे से। |
| पंजो पर चलना | बहुत ऊंचा होकर चलना। इतराना। गर्व करना। जमीन पर पैर न रखना। |
| पंथ गहना | रास्ता पकड़ना। चलने के लिए रास्ते पर होना। उ०- बिछुरत प्रान पयान करैगे रहौ आजु पुनि पंथ गहौ। सूर । चाल पकड़ना। ढंग पर चलना। विशेष प्रकार के कर्म मे प्रवृत्त होना। आचरण ग्रहण करना। |
| पंथ दिखाना | रास्ता बताना। शिक्षा देना। धर्म या आचार की रीति बताना। उपदेश देना। उ०- गुरु सेवा जेहि पंथ दिखावा। बिनु गुरु जगत को निर्गुन पावा। । जायसी । |
| पंथ निहारना | रास्ता देखना। बाट जोहना। प्रतीक्षा करना। इंतजार करना। उ०- (क) तुमरो पंथ निहारौं स्वामी। कबहिं मिलोगे अंतर्यामी। सूर । (ख) माखन खाव लाल मेरे आई। खेलत खाज अबार लाई। --- मै बैठी तुव पंथ निहारौ। आवो तुम पै तन मन वारौ। सूर । |
| (किसी के) पंथ पर लगना | रास्ते पर होना। चाल ग्रहण करना। अनुकरण करना। परेशान होना। |
| पंथ पर लाना | ठीक रास्ते पर करना। अच्छी चाल पर ले चलना। उत्तम आचरण सिखाना। धर्मोपदेश करना। उ०- अगुआ भयउ सेख बुरहानू। पंथ लाय मोहिं दीन्ह गियानू। जायसी । सुमार्ग पर चलाना। |
| पंथ पर / मे पांव देना | चलना। मार्ग ग्रहण करना। रीति या ढंग पर चल[ना]। विशेष प्रकार के कर्म मे प्रवृत्त होना। आचरण |

| | |
|---|---|
| ग्रहण करना | उ०- रघुबंसिन कर सहज सुभाऊ। मन कुपंथ पग धरै न काऊ। तुलसी। |
| पंथ सेना | राह देखना। बाट जोहना। आसरा देखना। उ०- हारिल भई पंथ मै सेवा। अब तोहि पठवौ कौन परेवा। जायसी। |
| पकड़ जाना | बंदी बनाया जाना। दोषी ठहराया जाना। |
| पकड़ मै आना | पकड़ा जाना। गृहीत होना। मिलना। हाथ लगना। दांव पर चढ़ना। घात मै आना। वश मै होना। |
| पक्का कागज | = वह कागज जिस पर लिखी हुई बात कानून से दृढ़ समझी जाती है। |
| पक्का काम | असली चांदी सोने के तार के बने बेल बूटे का काम। असली कारचोबी का काम। |
| पक्का खाना | घी मै पका हुआ भोजन। |
| पक्का घर | सुरखी चूने के मसाले और ईंटो से बना हुआ घर। |
| पक्का चिट्ठा | ठीक जंचा चिट्ठा। |
| पक्का चेला | किसी के भेद को जाननेवाला। |
| पक्का पान | वह पान जो कुछ दिन रखने से सफेद और खाने मै स्वादिष्ट हो गया हो। |
| पक्का पानी | औटाया हुआ पानी। स्वास्थ्यकर जल। |
| पक्का रंग | न छूटनेवाला रंग। बना रहनेवाला रंग। |
| पक्का हिसाब | ठीक ठीक हिसाब। पूरा हिसाब। सूक्ष्म विवरण। |
| पक्की छांटना | शुद्ध भाषा बोलना। |
| पक्ष करना | पक्ष लेना। पक्षपात करना। |
| पक्ष गिरना | मत का युक्तियों द्वारा सिद्ध न हो सकना। शास्त्रार्थ या विवाद मै हार होना। |
| पक्ष निर्बल पड़ना | मत का युक्तियों द्वारा पुष्ट न हो सकना। |
| पक्ष प्रबल पड़ना | मत का युक्तियों द्वारा पुष्ट होना। दलील मजबूत होना। |
| पक्ष मै | मत या बात के प्रमाण मै। कोई बात सिद्ध करने के लिए। |

| | |
|---|---|
| (किसी का) पक्ष लेना | (झगड़े में) किसी की ओर होना। किसी की सहायता में खड़ा होना। सहायक होना। पक्षपात करना। तरफदारी करना। |
| पक्ष सम्भालना | किसी मत या बात का खंडन होने से बचाना। |
| पख निकालना | दोष दिखाना। |
| पख लगाना | प्रतिबंध या रोक लगाना। रोड़ा अटकाना। अड़ंगा लगाना। |
| पहलू से लगकर बैठना | बगल में सटकर बैठना। |
| पग रोपना | कोई प्रतिज्ञा करके किसी जगह पैर रखना या अड़ाना |
| (किसी से) पगड़ी अटकना | बराबरी होना। मुकाबला होना। किसी से झगड़ा लगना। |
| पगड़ी उछलना | दुर्गति होना। बुरी नौबत आना। अनादर होना। |
| पगड़ी उछालना | अनादर करना। दुर्दशा करना। उपहास करना। हंसी उड़ाना। |
| पगड़ी उतरना | प्रतिष्ठा नष्ट होना। अनादर होना। अपमान होना। |
| पगड़ी उतारना | प्रतिष्ठा नष्ट करना। अनादर करना। वस्त्रमोचन करना ठगना। लूटना। धन सम्पत्ति हरण करना। |
| (किसी की) पगड़ी बंधना | उत्तराधिकार प्राप्त होना। विरासत मिलना। उच्च पद या स्थान प्राप्त होना। सरदारी मिलना। उच्च अधिकार प्राप्त होना। प्रतिष्ठा मिलना। सम्मान प्राप्त होना। |
| (किसी को) पगड़ी बांधना | उत्तराधिकार देना। गद्दी देना। उच्च पद या अधिकार देना। सरदार बनाना। |
| (किसी से) पगड़ी बदलना | भाईचारे का नाता जोड़ना। मैत्री करना। |
| पगड़ी रखना | मान-मर्यादा की रक्षा करना। इज्जत बचाना। प्रतिष्ठा की रक्षा करना। |
| (किसी के आगे या पैरों पर) पगड़ी रखना | बहुत नम्रता करना। विनती करना। गिड़गिड़ाना। दया की भीख मांगना। |

| | |
|---|---|
| पच मरना | किसी काम के लिए अत्यधिक परिश्रम करना। जी-तोड़ मेहनत करना। हैरान होना। |
| पच्चर अड़ाना | बाधा डालना। बाधा खड़ी करना। रुकावट डालना। अड़ंगा लगाना। |
| पच्चर ठोकना | किसी को कष्ट पहुंचाने या पीड़ित करने के लिए कोई उपाय करना। ऐसा काम करना जिससे किसी को बहुत कष्ट पहुंचे या वह खूब तंग या परेशान हो। खूंटा ठोकना। |
| पच्चर मारना | होते हुए काम में बाधा डालना। बनती हुई बात को बिगाड़ देना। मांजी मारना। |
| (किसी में) पच्ची हो जाना | मिलकर एकरूप हो जाना। लीन हो जाना। हल हो जाना। |
| पछाड़ खाकर रोना | रोते रोते गिरना। अचेत होना। |
| पछाड़ खाना | शोक से खड़े खड़े अचानक बेसुध होकर गिर पड़ना।<br>उ०- परति पछाड़ खाइ छिन हीं अति आतुर है दीन। मानहु सूर काढ़ि है लीनी बारि मध्य ते मीन। । सूर । |
| पट उघड़ना | मन्दिर का द्वार खुलना। दर्शन का समय आरम्भ होना |
| पट खुलना | दर्शन का समय आरम्भ होना। मन्दिर का द्वार खुलना |
| पट पड़ना | औंधा पड़ना। कुश्ती में नीचे के पहलवान का पेट के बल पड़कर मिट्टी थामना। मंद पड़ना। धीमा पड़ना। न चलना। |
| पट बंद होना | मन्दिर का द्वार बंद होना। दर्शन का समय बीत जाना। |
| पट मारना | किवाड़ बंद करना। |
| पट लेना | पट नामक पेच करने के लिए जोड़ की टांगें अपनी ओर खींचना। |
| (किसी के ऊपर, किसी पर या किसी के सिर) पटकना | कोई ऐसा काम किसी के सुपुर्द करना जिसे करने की उसकी इच्छा न हो। |

| | |
|---|---|
| पटका पकड़ना | किसी को कार्य विशेष के लिए उत्तरदायी ठहराते हुए रोक रखना। |
| पटका बांधना | कमर कसना। उद्यत होना। |
| पटरा कर देना | मारकर या काटकर गिरा देना। चौपट कर देना। तबाह कर देना। सर्वनाश कर देना। |
| पटरा फेरना | पटेले से ज़मीन बराबर करना। ध्वंस करना। तबाह कर देना। |
| पटरा होना | मरकर या कटकर गिर जाना। मर जाना। नष्ट हो जाना। स्वाहा हो जाना। |
| पटरी जमना | मन मिलना। मित्रता होना। मेल खाना। पटना। |
| पटरी जमाना | घुड़सवारी मे रान बैठाना या जमाना। |
| पटरी बैठना | मन मिलना। मित्रता होना। मेल होना। पटना। |
| पटा बांधना | पटरानी बनाना। उ०- चौदह सहस तिया मैं तोको पटा बंधाऊं आज। सूर। |
| पटापटी का पर्दा | वह पर्दा जिसमे रंग बिरंग के फूल पत्ते या समोसे आदि कढ़े हों। |
| पटापटी की गोट | वह रंग बिरंगी गोट जिसमे सिंघाड़े आदि कढ़े हों। |
| पटाफेर = विवाह की एक रस्म जिसमें वर वधू आपस में आसन बदलते हैं। | |
| पटिया पारा | बाल संवारना। |
| पट्ट पड़ना | चौपट होना। |
| पट्टा तोड़ना | कुत्ते या बिल्ली का अपने पालनेवाले के यहां से भाग कर अन्यत्र चला जाना। |
| पट्टा तोड़ाना | कुत्ते या बिल्ली का अपने पालनेवाले के यहां से अन्यत्र चला जाना। |
| पट्टी जमाना | मांग के दोनों ओर के बालों को इस प्रकार बैठाना कि वे सिर मे बिलकुल चिपक जायं। पट्टी संवारना। |
| पट्टी पढ़ना | गुरु से पाठ प्राप्त करना। सबक पढ़ना। |

| | |
|---|---|
| पट्टी पढ़ाना | छात्र को पट्टी पर लिखकर पाठ देना। बहकानेवाली शिक्षा देना। |
| पट्टी में आना | किसी के कहने में आना। किसी की धूर्तता पूर्ण बातों में फंस जाना। |
| पट्टीदारी अटकना | पट्टीदारी विषयक या पट्टीदारी के कारण कोई झगड़ा खड़ा होना। पट्टीदारी के कारण विरोध होना। |
| पट्टीदारी करना | किसी के बराबर अधिकार जताना। पट्टीदार होने के कारण किसी के काम में रुकावट करना। बराबरी करना। जो कोई एक करे उसे आप भी करना। पट्टीदारी के बल पर किसी का विरोध करना। पट्टीदारी के हक पर अड़ना। |
| पट्ठ सा पढ़ाना | खूब सिखाना। |
| पट्ठा चढ़ना | किसी नस का तन जाना। नस पर नस चढ़ना। |
| पट्ठों में घुसना | गहरी दोस्ती पैदा करना। अंतरंग बनना। |
| पढ़ना लिखना | शिक्षा प्राप्त करना। |
| पढ़े पढ़ाये पट्ठ | स्वत: अनुभवी और चालाक। |
| पड़ता खाना | लागत और अभीष्ट लाभ मिल जाना। खर्च और मुनाफा निकल आना। |
| पड़ता निकालना | लागत का विचार कर भाव निश्चित करना। |
| पड़ता पड़ना | लागत और अभीष्ट लाभ मिल जाना। खर्च और मुनाफा निकल आना। |
| पड़ता फैलाना | लागत का विचार कर भाव निश्चित करना। |
| पड़ता बैठना | लागत और अभीष्ट लाभ मिल जाना। खर्च और मुनाफा निकल आना। |
| पड़ता बैठाना | लागत का विचार कर भाव निश्चित करना। |
| पड़ता रहना | औसत होना। |

| | |
|---|---|
| पड़ती उठना | पड़ती का जोता जाना। पड़ती पर खेती होना। पड़ती के जोते जाने का प्रबन्ध होना। पड़ती खेत का बन्दोबस्त हो जाना। |
| पड़ती उठाना | पड़ती का बन्दोबस्त करना। पड़ती को लगान पर काश्तकार को दे देना। |
| पड़ती छोड़ना | किसी खेत को कुछ समय तक यों ही छोड़ना, उसे जोतना बोना नहीं, जिसमें उसकी उर्वरा शक्ति बढ़ जाय। |
| पड़ती पड़ना | ठीक समय पर भूमि को जोत बो न सकने से उसे छोड़ रखना। |
| पड़ते से | पड़ता फैलाने से जो हिसाब, दर या भाव आये उसके अनुसार। लागत से व्यय और लाभ दोनों मिल जाने पर। |
| (किसी पर) पड़ना | विपत्ति या मुसीबत आना। संकट या कठिनाई प्राप्त होना। |
| पड़ा रहना | बराबर लेटे रहना। बिना कुछ काम किये लेटे रहना। लेटकर बेकारी काटना। निकम्मा रहना। |
| पड़ा होना | एक स्थान में कुछ समय तक स्थित रहना। एक ही जगह पर बने रहना। एक ही अवस्था में रहना। रखा रहना। बाकी रहना। शेष रहना। धरा रहना। अव्यवहृत रहना। |
| पड़ाके की गोट | रंग बिरंगी गोट जिसमें सिंघाड़े आदि कढ़े हों। |
| पड़ाव मारना | पड़ाव डाले हुए किसी यात्री दल को लूटना। कारवां या काफिला लूटना। कोई बड़ा साहस पूर्ण कार्य करना। भारी शौर्य प्रकट करना। |
| पड़ोस करना | पड़ोस में बसना। पड़ोसी होना। |
| पतंग काटना | अपने पतंग की डोरी से दूसरे के पतंग की डोरी को रगड़ कर काट देना। |
| पतंग बढ़ाना | डोरी ढीली करके पतंग को हवा में और ऊपर या आगे बढ़ाना। |

| | |
|---|---|
| पत उतारना | किसी की प्रतिष्ठा नष्ट करना। अपमान करना। आबरू लेना। |
| पत रखना | प्रतिष्ठा की रक्षा करना। इज्जत बनी रहने देना। इज्जत बचाना। |
| पत लेना | किसी की प्रतिष्ठा नष्ट करनेवाला काम करना। दस आदमियों के बीच में किसी का अपमान करना। |
| पतला पड़ना | दुर्दशाग्रस्त होना। दैन्य प्राप्त होना। अशक्त या निर्बल पड़ जाना। दीन-हीन हो जाना। |
| पतली चीज | कोई तरल पदार्थ। कोई प्रवाही द्रव्य। |
| पताई फूंकना | आग को तेज करने के लिए उसमें पताई डालना। |
| पताई लगाना | दहकाने के लिए आग में सूखी पत्तियां फूंकना। |
| (किसी के मुंह में) पताई लगाना | (किसी के) मुंह में आग लगाना। (स्त्रियां गाली के रूप में कहती हैं)। |
| (किसी की) पताका उड़ना | अधिकार होना। राज्य होना। समकक्षरहित होना। सर्वप्रधान होना। सब में श्रेष्ठ माना जाना। ख्याति होना। |
| पताका उड़ाना | अधिकार करना। विजयी होना। |
| पताका गिरना | हार होना। पराजय होना। |
| पताका पतन | पताका गिरना। |
| पताका पात | पताका गिरना। |
| (किसी की) पताका फहरना | ख्याति होना। मूर्द्धन्य होना। एकाधिकार होना। सबसे बढ़कर होना। |
| पताका फहराना | आधिपत्य स्थापित करना। विजय प्राप्त करना। |
| पते का | वास्तव में ठीक उस स्थान का जिसका ज्ञान सब लोगों को हो। |
| पते की | भेद प्रकट करनेवाली बात। रहस्य खोलनेवाली बात। रहस्य की कुंजी। |

| | |
|---|---|
| (एक) पत्तल के खानेवाले | बहुत नज़दीकी। |
| पत्तल खोलना | वह कार्य कर डालना जिसके करने के पहले भोजन न करने की शपथ ली हो। बंधी पत्तल खोलना। |
| पत्तल पड़ना | भोजन के लिए पत्तल बिछना। भोजन के समय लोगों के सामने पत्तलों का रखा जाना। |
| पत्तल परसना | भोजन के सहित पत्तल सामने रखना। पत्तल में भोजन की वस्तुएं रखना। पत्तल में खाना परसना। |
| पत्तल बांधना | कोई पहेली कहकर उसके बूझने के पहले भोजन न करने की शपथ देना। उ०- बांधी पत्तल जो कोई खावै। मूरख पंचन मांह कहावै। कहावत । |
| (किसी की) पत्तल में खाना | किसी के साथ खान-पान का नाता जोड़ना या रखना। |
| (जिस) पत्तल में खाना उसी में छेद करना | उपकार के बदले अपकार करना। उपकार करने वाले का अपकार करना। कृतघ्न होना। |
| पत्तल लगाना | भोजन के सहित पत्तल सामने रखना। पत्तल में खाना परसना। |
| पत्ता खड़कना | ~~किसी की~~ आहट मिलना। कुछ खटका या आशंका होना। आशंका की कोई बात होना। जैसे- पत्ता खड़का बंदा सटका। (कहावत)। |
| पत्ता तक न हिलना | हवा बिलकुल बन्द होना। किसी प्रकार की गति, विरोध आदि न होना। |
| पत्ता तोड़कर भागना | बड़े वेग से दौड़ते हुए भागना। सिर पर पैर रखकर भागना। |
| पत्ता न हिलना | हवा में गति न होना। हवा का बिलकुल बंद होना। हब्स होना। |
| पत्ता लगना | पत्ते से सटे रहने के कारण फल में दाग पड़ जाना या उसका कुछ अंश सड़ जाना। |
| पत्ता हो जाना | इतनी तेजी से दौड़कर जाना कि क्षण मात्र में |

| | |
|---|---|
| | अदृश्य हो जाना। उड़न छू हो जाना। काफ़ूर हो जाना। उड़ जाना। |
| पत्थर का कलेजा | अति कठोर हृदय। ऐसा कठोर हृदय जिसमें करुणा आदि कोमल भावों का उदय न हो। |
| पत्थर का कलेजा पानी होना | कठोर चित्त में दया आना। निष्ठुर हृदय का दयार्द्र होना। |
| पत्थर का छापा | लीथोग्राफ। पत्थर के छापे में छपा हुआ विषय या लेख। पत्थर के छापे का काम। |
| पत्थर की छाती | कभी न टूटनेवाली हिम्मत। असफलता या कष्ट से विचलित न होनेवाला हृदय। बलवान और दृढ़ हृदय। |
| पत्थर की लकीर | न मिटनेवाली वस्तु। सदा बनी रहनेवाली वस्तु। |
| पत्थर को जोंक लगाना | अनहोनी या असम्भव बात करना। वह कार्य करना जो औरों के लिए असाध्य हो। |
| पत्थर चटाना | पत्थर पर घिसकर धार तेज करना। |
| पत्थर तले से हाथ निकलना | संकट या मुसीबत से छूटना। भारी कष्ट से छुटकारा मिलना। |
| पत्थर तले हाथ आना | ऐसे संकट में फंस जाना जिससे छूटने का उपाय न दिखाई पड़ता हो। बुरी तरह फंस जाना। भारी संकट में फंस जाना। |
| पत्थर तले हाथ दबना | ऐसे संकट में फंस जाना जिससे छूटने का उपाय न दिखाई पड़ता हो। बुरी तरह फंस जाना। भारी संकट में फंस जाना। |
| पत्थर निचोड़ना | जो वस्तु जिससे मिलना असम्भव हो वह वस्तु उससे प्राप्त करना। किसी से उसके स्वभाव के अत्यन्त विरुद्ध कार्य करना। अनहोनी बात या असम्भव कार्य करना। |
| पत्थर पड़ना | चौपट हो जाना। नष्ट-भ्रष्ट हो जाना। कुछ न पाना। मनोरथ भंग होने का सामान मिलना। सियापा पड़ जाना। |

| | |
|---|---|
| पत्थर पड़े | चौपट हो जाय। नष्ट हो जाय। मारा जाय। ईश्वर के कोप पड़े। |
| पत्थर पर दूब जमना | अनहोनी बात होना। ऐसी बात होना जिसके होने की आशा सर्वथा छोड़ दी गई हो। |
| पत्थर पसीजना | अनहोनी बात होना। अत्यन्त कठोर चित्त में नरमी, कृपण के मन में दानेच्छा, अत्याचारी के मन में दया उत्पन्न होना। |
| पत्थर पिघलना | अनहोनी बात होना। अत्यन्त कठोर चित्त में नरमी, कृपण के मन में दानेच्छा, अत्याचारी के मन में दया उत्पन्न होना। |
| पत्थर मारे भी न मरना | मरने के कारण या सामान होने पर भी न मरना। बेहयाई से जीना। निहायत सख्त जान होना। जल्दी न मरना। |
| पत्थर सा खींच मारना | बहुत कड़ी बात कहना या उत्तर देना। ऐसी बात कहना जो सुननेवाले को असह्य हो। लट्ठमार बात कहना या उत्तर देना। दो टूक व जवाब देना। |
| पत्थर सा फेंक मारना | बहुत कड़ी बात हना या उत्तर देना। ऐसी बात कहना जो सुननेवाले को असह्य हो। लट्ठमार बात कहना या उत्तर देना। |
| पत्थर से सिर फोड़ना | असम्भव बात के लिए प्रयत्न करना। व्यर्थ सिर खपाना। अत्यन्त मूर्ख को समझाने में श्रम करना। |
| पथ्य से रहना | संयम से रहना। परहेज से रहना। |
| पन रोपना | प्रतिज्ञा करना। |
| पन लेना | प्रतिज्ञा करना। उ०- द्विज मुख ह्वै पन लीन्हों। सूर। |
| पनवारा लगाना | पत्तल पर खाना सजाना। |
| पनसाखा बढ़ना | झंझट या झगड़ा मिटाना। वाद-विवाद बंद कर |
| (किसी से) पनाह मांगना | किसी अप्रिय या अनिष्ट वस्तु या व्यक्ति से दूर रहने की कामना करना। किसी से बहुत बचने |

| | |
|---|---|
| | की इच्छा करना। |
| पनाह लेना | विपत्ति से बचने के लिए रक्षित स्थान में पहुंचना। शरण के लिए कहीं जाना। |
| पनीर चटाना | कोई काम निकालने के लिए किसी की चापलूसी करना। हत्थे चढ़ाने के लिए किसी को परचाना। |
| पनीर जमाना | ऐसी बात करना जिससे आगे चलकर बहुत से काम निकले। किसी वस्तु पर अधिकार करने या पाने के लिए कोई आरम्भिक कार्य करना। |
| पपड़ी छोड़ना | मिट्टी की तह का सूख और सिकुड़ कर चिटक जाना पपड़ी पड़ना। बिलकुल सूख जाना। तरी न रह जाना रस का अभाव हो जाना। |
| पयार गाड़ना | व्यर्थ श्रम करना। ऐसे व्यक्ति की सेवा करना जिससे कुछ प्राप्त न हो। उ०- फिरि फिरि कहा पयारहि गाहै। सूर । |
| पयाल फाड़ना | व्यर्थ श्रम करना। ऐसे की सेवा करना जिससे कुछ मिलने की आशा न हो। |
| पयाल तापना | निस्सार कार्य करना। |
| पर और बाल निकलना | सीधा सादा न रहना। बहुत सी बातों को समझने बूझने लगना। कुछ कुछ चालाक होना। उपद्रव करना। ऊधम मचाना। |
| पर कट जाना | अशक्त हो जाना। |
| पर काट देना | अशक्त बना देना। |
| पर कैंच करना | कबूतर आदि के पंख काट देना। |
| पर जमना | पर निकलना। शरारत सूझना। धूर्तता, चालाकी, दुष्टता आदि पहले पहल आना। |
| (जाते हुए)पर जलना | हिम्मत न होना। ताब न होना। साहस न होना। गति न होना। पहुंच न होना। |

| | |
|---|---|
| पर फाड़ना | पुराने परों को गिराना। पंख फटफटाना। डैनों को हिलाना। |
| पर टूट जाना | शक्ति या दल का आधार न रह जाना। अशक्त हो जाना। कुछ करने के लायक न रह जाना। |
| (जाते हुए) पर टूटना | हिम्मत न होना। ताब न होना। साहस न होना। गति न होना। पहुंच न होना। |
| पर न मारना | पैर न रख सकना। जा न सकना। फटक न सकना। |
| पर निकलना | नया पर निकलना। होशियार होना। |
| पर निकालना | पंखों से युक्त होना। उड़ने योग्य होना। बढ़कर चलना। चलना। इतराना। अपने को कुछ प्रकट करना। |
| पर बांध देना | बेबस करना। |
| परखचे उड़ाना | खण्ड खण्ड कर देना। धज्जियां उड़ाना। |
| परख पड़ना | पहचान में आना। |
| परचा देना | किसी को पूर्ण परिचय देना। |
| परचा मांगना | प्रमाण देने के लिए कहना। किसी देवी देवता से अपनी शक्ति दिखाने को कहना। |
| ~~(किसी की)~~ परछांई से डरना | बहुत डरना। अत्यन्त भयभीत होना। किसी के पास आने तक से डरना। दूर रहने की इच्छा करना। कोई लगाव रखना न चाहना (घृणा या आशंका से)। |
| परछांई से भागना | बहुत डरना। अत्यन्त भयभीत होना। किसी के पास आने तक से डरना। दूर रहने की इच्छा करना। कोई लगाव रखना न चाहना (घृणा या आशंका से)। |
| परती लेना | चद्दर से हवा करके भूसा उड़ाना। बरसाना। ओसाना। |
| परदा उठाना | छिपी बात प्रकट करना। भेद का उद्घाटन करना। |
| परदा करना | परदे के भीतर रहना। सामने न होना। छिपाये रखना। दुराव रखना। |

| | |
|---|---|
| परदा खोलना | छिपी बात प्रकट करना। भेद का उद्घाटन करना। |
| परदा डालना | छिपाना। प्रकट होने से रोकना। प्रकट न होने देना। |
| (आंख पर)परदा पड़ना | दिखाई न देना। |
| (बुद्धि पर)परदा पड़ना | समझ जाती रहना। |
| परदा फाश करना | गुप्त या गोपनीय बात प्रकट करना। दोष प्रकट करना। |
| परदा फाश होना | दोष प्रकट होना। भेद खुलना। |
| (किसी का)परदा रखना | बुराई आदि लोगों पर प्रकट न होने देना। प्रतिष्ठा बनी रहने देना। उ०- मधुकर जाहि कहौ सुन मेरौ। पीत वसन तन श्याम जानि कै राखत परदा तेरौ। सूर । परदे की ओट में रहना। लज्जा रखना। दुराव रखना। |
| (किसी को)परदा लगना | परदे में रहने का नियम होना। किसी के सामने न होने का नियम होना। |
| परदा होना | परदा रखे जाने का नियम होना। स्त्रियों को सामने न होने देना का नियम होना। दुराव-छिपाव होना। |
| परदे के पीछे | छिपे-छिपे। |
| परदे परदे | छिपे छिपे। चुपचाप। गुप्त रूप से। |
| परदे बिठाना | (स्त्री को)परदे के भीतर रखना। |
| परदे में छेद होना | परदे के पीछे व्यभिचार होना। |
| परदे में रखना | स्त्रियों को घर के भीतर रखना, बाहर लोगों के सामने न होने देना। छिपा रखना, प्रकट न होने देना |
| परदे में रहना | स्त्रियों का घर के भीतर ही रहना, लोगों के सामने न होना। अन्तःपुर में रहना। छिपा रहना। प्रकट न होना। |
| परदेश में छाना | दूसरे देश में निवास करना। घर पर न रहना। |

| | |
|---|---|
| परधाम याना | मर जाना। |
| परले दरजे का | हद दरजे का।अत्यन्त।अत्यधिक। |
| परले पार होना | अन्त तक पहुंचना।बहुत दूर तक जाना।समाप्त होना। |
| परले सिरे का | हद दरजे का।अत्यन्त।अत्यधिक। |
| परलोक सिधारना | मरना। मृत्यु के उपरान्त आत्मा की दूसरी स्थिति की प्राप्ति। |
| परलोकगामी होना | मरना। |
| परवान चढ़ना | पूरी आयु तक पहुंचना।सुख सुखों का पूरा भोग करना।विवाहित होना।ब्याहने जाना। |
| (किसी पर)परवाना होना | किसी के लिए आत्मोत्सर्ग करना,अपनी जान दे देना। |
| परवाह करना | बहाना।धारा में छोड़ना। |
| पराक्रम चलना | पुरूषार्थ या उद्योग हो सकना।शक्ति का प्रयोग किया जा सकना। |
| पराये गुलाल की होली खेलना | दूसरे के धन या सामग्री से सुख भोग या आनन्द करना। |
| परे परे कहना | दूर हटाना।हट जाने के लिए कहना। `दूर हटो` `दूर हटो` कहना। |
| परे बैठाना | मात करना।बाजी लेना।तुच्छ या छोटा प्रमाणित करना।परास्त करना। |
| परोल मिलाना | भेदिया बनाना।अपनी तरफ मिलाना। |
| पलंग को लात मारकर खड़ा होना | छठी,बरही आदि के उपरान्त सौरी से किसी स्त्री का भली चंगी बाहर आना।कोई बड़ी बीमारी झेलकर अच्छा होना।बीमारी से उठना।खाट छोड़कर उठना। |
| पलंग तोड़ना | बिना कोई काम किये सोया, पड़ा रहना।कुछ काम न करते हुए समय काटना।निठल्ला रहना।खाट तोड़ना। |

| | |
|---|---|
| पलंग लगाना | पलंग पर ठीक तरह से बिछौना बिछाना। बिस्तर दुरुस्त करना। |
| पल के पल में<br>पल मारते में<br>पलक गिरते | बहुत ही अल्पकाल में। बात की बात में। क्षण भर में। बहुत ही जल्दी। आँख झपकते। तुरन्त।<br>देखते देखते। क्षण भर में। |
| पलक झपकते | अत्यन्त अल्प समय में। बात कहते। एक निमेष मात्र में। देखते देखते। |
| पलक दूर करना | सामने से हटाना। उ०-पलक दूर नहिं कीजिये। गिरि०। |
| पलक पसीजना | आंखों में आंसू आना। दया या करुणा उत्पन्न होना द्रवित होना। आर्द्र होना। |
| पलक पाना | पलक झपकना। |
| पलक बिछाना | किसी का अत्यन्त प्रेम से स्वागत करना। पूर्ण योग से किसी का स्वागत तथा सत्कार करना। |
| पलक भंजना | पलकों का गिरना या हिलना। पलक का इस प्रकार हिलना कि उससे कोई संकेत सूचित हो। आंख का इशारा या संकेत होना। |
| पलक भांजना | पलक गिराना या हिलाना। आंख से इशारा करना। |
| पलक मारते | तुरन्त। आंख झपकते। अति शीघ्र। |
| पलक मारना | आंख से संकेत या इशारा करना। पलक झपकाना या गिराना। |
| पलक लगना | आंखें मुंदना। पलक झपकना या गिरना। उ०- पलक नहीं कहुं नेकु लागति रहति इकटक हेरि। तऊ कहुं त्रिपित तात नाहीं रूप रस के ढेरि। सूर। नींद आना। झपकी लगना। |
| पलक लगाना | आंख झपकाना। आंखें मुंदना। सोने के लिए आंख बंद करना। |
| पलक से पलक न लगना | पलक न झपकना। टकटकी लगी रहना। आंख न लगना नींद न आना। |

| | |
|---|---|
| पलकों से ज़मीन झाड़ना | अत्यन्त श्रद्धा तथा भक्ति से किसी की सेवा करना। किसी को सुख पहुंचाने के लिए पूर्ण मनोयोग से प्रयत्न करना। |
| पलकों से तिनके चुनना | अत्यन्त श्रद्धा तथा भक्ति से किसी की सेवा करना। किसी को सुख पहुंचाने के लिए पूर्ण मनोयोग से प्रयत्न करना। |
| पलटा खाना | दशा या स्थिति का पूर्णतः परिवर्तित हो जाना। चक्कर खाना। |
| (किसी का)पलस्तर ढीला करना | पस्त करना। |
| पलस्तर ढीला होना | परिश्रम,हानि आदि के कारण शिथिल होना।मंद या सुस्त पड़ना। |
| (किसी का)पलस्तर बिगड़ना । बिगड़ जाना | परिश्रम,हानि आदि के कारण शिथिल होना।मन्द या सुस्त पड़ना। |
| (किसी का)पलस्तर बिगाड़ देना । बिगाड़ना | पस्त करना। |
| पलान लेना | घोड़े पर जीन कसना। |
| पली पली जोड़ना | थोड़ा थोड़ा करके संचय या संग्रह करना।पैसा पैसा जोड़कर धन एकत्र करना।जैसे- मियां जोड़े पली पल कुप्पा लुटावें कुप्पा। (कहावत)। |
| पलीता चाटना | जल उठना। |
| पलेथन निकलना | खूब मार पड़ना या खाना।भुरकुस निकलना।कचूमर निकलना।परेशान होना।तंग होना।हार जाना। |
| पलेथन निकालना | खूब मारना।ठोकना।कचूमर निकालना।तंग करना। परेशान करना।बुरा हाल करना। |
| पल्ला छुड़ाना | पीछा छुड़ाना।निष्कृति पाना। |
| पल्ला छूटना | पीछा छूटना।छुटकारा मिलना।निष्कृति मिलना। |
| पल्ला झुकना | किसी पक्ष का अधिक बलवान होना। |
| पल्ला पकड़ना | सहारा लेना। |

पल्ला पसारना

किसी से कुछ मांगना। आंचल पसारना। दामन फैलाना।

पल्ला भारी होना

पक्ष बलवान या प्रबल होना।

पल्ला लेना

शोक करना। किसी की मृत्यु पर रोना।

पल्ले पड़ना

प्राप्त होना। मिलना। हाथ लगना।

(किसी के) पल्ले बंधना

ब्याही जाना। हाथ पकड़ना। जिम्मे किये जाना।

(अपने) पल्ले बांधना

जिम्मे लेना। गांठ बांधना। ब्याहना। हाथ पकड़ना। कोई बात अपने मन में अच्छी तरह या ध्यानपूर्वक रखना।

पल्ले से बांधना

जिम्मे लगाना। ब्याह देना। हाथ पकड़ा देना।

पवन का भुसा होना

उड़ जाना। कुछ न रहना। न ठहरना। उ०- माधो जू सुनिये ब्रज ब्योहार। मेरी कह्यो पवन को भुस भयो गावत नंदकुमार। सूर।

पशम उखाड़ना

व्यर्थ समय नष्ट करना। कुछ भी हानि या कष्ट न पहुंचा सकना।

पशम न उखाड़ना

कुछ भी काम न हो सकना। कुछ भी हानि या कष्ट न होना।

पशम न समझना

कुछ भी न समझना। पशम से भी गया-गुजरा समझना

पशम पर मारना

बिल्कुल तुच्छ समझना।

पसंगा भी न होना

कुछ भी न होना। अति तुच्छ होना।

पसलियां ढीली करना

बहुत मारना।

पसली चलना

बच्चों की सर्दी से श्वास बढ़ जाना।

पसली तोड़ना

बहुत मारना।

पसली फड़क उठना

मन में उत्साह पैदा होना। जी में उमंग होना।

पसली फड़कना

मन में उत्साह पैदा होना। जी में उमंग होना।

पसीने पसीने होना

अत्यधिक पसीना होना। पसीने से तर-बतर होना।

| | |
|---|---|
| पस्त करना | दबा देना। हरा देना। (हिम्मत) तोड़ देना। |
| पस्त होना | हार जाना। पराजित होना। (हिम्मत) टूट जाना। |
| पह फटना | सबेरा होना। ऊजाला होना। |
| पहरा देना | रखवाली करना। निगरानी करना। चौकी देना। किसी की रक्षा के लिए तैनात रहना। |
| पहरा पड़ना | रक्षक बैठा रहना। संतरी या चौकीदार का किसी स्थान पर खड़ा रहना। रक्षा का प्रबन्ध रहना। पहरा दिया जाना। |
| पहरा बदलना | एक रक्षक ~~या रक्षकदल के स्थान पर दूसरे को नियुक्त करना या होना।~~ नया रक्षक नियुक्त कर पुराने को छुट्टी देना। |
| पहरा बैठना | किसी वस्तु या व्यक्ति के आस पास रक्षक बैठाया जाना। चौकीदार नियुक्त होना। |
| पहरा बैठाना | किसी की निगहबानी के लिए उसके आस पास चौकीदार बैठाना। रक्षक नियुक्त करना। |
| पहरे में देना | हिरासत में रखना। हवालात में रखना। नजरबंद रखना। |
| पहरे में होना | हिरासत में होना। नजरबंद होना। हवालात में होना। |
| पहल निकालना | किसी चीज में पहल बनाना। किसी पदार्थ के पृष्ठ देश या बाहरी सतह को तराश या छीलकर उसमें त्रिकोण, चतुष्कोण, षटकोण आदि पैदा करना। पहल तराशना। |
| पहलू आबाद होना | प्रेयसी का प्रेमी के पास बैठना। |
| (किसी का) पहलू गरम होना | किसी का विशेषत: प्रेयसी का प्रेमी से सटकर बैठना। किसी के अति समीप बैठकर उसे सुखी करना। बिल्कुल सटकर बैठना। अति समीप बैठना। |
| (किसी से) पहलू गरम करना | प्रेयसी को अपने शरीर से सटाकर बैठाना। |
| पहलू दबाना | शत्रु की सेना या नगर पर एक ओर से आक्रमण कर देना। अपनी सेना के एक पहलू को कुछ पीछे |

| | |
|---|---|
| | रखते और दूसरे को आगे करते हुए चढ़ाई मे आगे बढ़ना। |
| पहलू पर होना | सहायक होना। मददगार होना। पक्ष पर होना। |
| पहलू बचाना | मुठभेड़ बचाते हुए निकल जाना। कतराकर निकल जाना। किसी काम से जी चुराना। टाल जाना। |
| पहलू मे बसाना | पड़ोस आबाद करना। पड़ोसी बनाना। |
| पहलू मे बैठना | किसी से सटकर या लगकर बैठना। |
| पहलू मे बैठाना | किसी को सटाकर या लगाकर बैठाना। |
| पहलू मे रहना | किसी से सटकर बैठ रहना। आस पास रहना। अति समीप रहना। |
| पहाड़ उठाना | भारी काम सिर पर लेना। भारी काम पूरा करना। |
| पहाड़ का कटना | बहुत भारी और कठिन काम हो जाना। भारी कठिनाई दूर होना। संकट कटना। |
| पहाड़ काटना | असम्भव काम कर डालना। संकट से पीछा छुड़ाना। |
| पहाड़ टूटना | आपत्ति आ पड़ना। महान संकट उपस्थित होना। |
| पहाड़ टूट पड़ना | भारी संकट आ पड़ना। |
| पहाड़ से टक्कर लेना | अपने से अधिक बलवान व्यक्ति से शत्रुता ठानना। बड़े से वैर करना। जबरदस्त से मुकाबिला करना। |
| पहाड़ हिलाना | अत्यधिक कठिन कार्य करना। |
| पहुंचने वाला | बड़े लोगों के यहां जानेवाला। पता या खबर रखने वाला। जानकार। भेद या रहस्य जानने मे समर्थ। |
| पहुंचा पकड़ना | बलपूर्वक किसी से कोई काम करने के लिए उसे रोक रखना। |
| पहुंचा हुआ | ईश्वर की समीपता प्राप्त। सिद्ध। जिसे सब कुछ मालूम हो। अभिज्ञ। पता रखनेवाला। दक्ष। निपुण। |
| पहुनाई करना | दूसरों के यहां खाते फिरना। आतिथ्य पर चैन करना। मौज या दावतें उड़ाना। |

| | |
|---|---|
| फबती बुझाना | अपने मतलब को घुमा फिराकर कहना। अपनी बात को ऐसे शब्दों में कहना कि वह जल्दी सुननेवाले की समझ में न आये। |
| पांचवें सवार बनना | योग्यता न होने पर भी बड़ों के साथ अपनी गिनती कराने का प्रयत्न करना। |
| पांचों उंगलियां घी में होना | सब तरह का लाभ या आराम होना। सुख भोग का अवसर मिलना। ~~सुख-लाभ होना।~~ सब प्रकार से लाभ ही लाभ होना। |
| पांचों उंगलियां बराबर नहीं होती | एक जाति की सब वस्तुएं समान गुणवाली नहीं होती। |
| पांचों सवारों में नाम लिखाना | पात्रता न होते हुए भी अपने को बड़ों में सम्मिलित करना। औरों के साथ अपने को भी श्रेष्ठ गिनना। |
| पांव अड़ाना | किसी बात में दखल देना। किसी मामले में व्यर्थ पड़ना। |
| ~~पांव उखड़ जाना~~ | लड़ाई में ठहर न सकना। |
| पांव उखाड़ना | पैर जमा न रहने देना। हटा देना। भगा देना। किसी बात पर स्थिर न रहने देना। दृढ़ता का भंग करना। |
| पांव उठ जाना | पैर जमा न रहना। पैर हट जाना। स्थिर होकर खड़ा न रह सकना। ठहरने की शक्ति या साहस न रह जाना। लड़ाई में न ठहरना। भागने की नौबत आना। |
| पांव उठाकर चलना | जल्दी जल्दी पैर बढ़ाना। तेज चलना। |
| पांव उड़ाना | शत्रु के आघात से पैरों की रक्षा करना। |
| पांव उतरना | पैर का जोड़ उतर जाना। पैर धंसना। पैर समाना। |
| पांव कट जाना | आने जाने की शक्ति या योग्यता न रहना। आना जाना बंद होना। अन्न जल उठ जाना। रहने या ठहरने का अंत हो जाना। ~~संसार से उठ जाना।~~ जीवन का अंत हो जाना। |
| पांव कांपना | (भय, आशंका, निर्बलता आदि से) पैर कांपना। किसी काम में भय, आशंका आदि से आगे पैर न उठना। |

| | |
|---|---|
| | बराबर होने का साहस न होना। |
| पांव का खटका | पैर की आहट। चलने का शब्द। |
| पांव की जूती | अत्यन्त तुच्छ सेवक या दासी। |
| पांव की जूती सिर को लगना | छोटे आदमी का बड़े के मुकाबिले में आना। छोड़ या नीच का सिर चढ़ना। छोटे आदमी का बड़े से बराबरी का दावा करना। |
| पांव की बेड़ी | बन्धन। जंजाल। |
| पांव खींचना | घूमना फिरना छोड़ देना। इधर उधर घूमना फिरन बंद करना। |
| पांव गाड़ना | पैर जमाना। जमकर खड़ा रहना। लड़ाई में स्थिर रहन डटा रहना। किसी बात पर दृढ़ होना। किसी बात पर जम जाना। |
| पांव घिसना | चलते चलते थक जाना। |
| पांव चलना | पैरों से चलना। पैदल चलना। |
| पांव छूटना | रज:स्त्राव होना। रजस्वला होना। |
| पांव छोड़ना | उपचार औषध से रज:स्त्राव करना। |
| पांव जमना | दृढ़तापूर्वक स्थित होना। स्थिति दृढ होना। ऐसी स्थिति में होना कि हटने या विचलित होने की नौबत न आये। |
| पांव जमाना | स्थिर भाव से खड़ा रहना। दृढ़ता से ठहरा रहना। डटा रहना। न हटना। स्थिर हो जाना। अपने ठहरने या रहने का पूरा बन्दोबस्त कर लेना। अपनी स्थि स्थिति सुदृढ़ करना। |
| पांव जोड़ना | दो आदमियों का झूले में आमने सामने बैठकर एक विशेष रीति से झूले की रस्सी में पैर उलझाना। पाग जोड़ना। |
| पांव टिकना | पैर ठहरना। स्थिर भाव से खड़ा [illegible]। दृढ़ता रहना। हटने या विचलित होने की अवस्था न आन |

| | |
|---|---|
| पांव टिकाना | खड़ा होना। स्थिर होना। ठहर जाना। विराम करना |
| पांव ठहरना | पैर जमना। पैर न हटना। ठहराव होना। स्थिरता होना। |
| पांव डगमगाना | पैर स्थिर न रहना। पैर का ठीक न पड़ना। दृढ़ न रहना। लड़खड़ाना। विचलित हो जाना। |
| पांव डालना | किसी काम मैं हाथ डालना। किसी काम के लिए तत्पर होना। |
| पांव डिगना | स्थिर न रहना। विचलित होना। |
| पांव तले की चींटी | छाुद्र से छाुद्र जीव। अत्यन्त दीन हीन प्राणी। |
| पांव तले की धरती खसकना | अत्यधिक घबरा जाना। होश उड़ जाना। |
| पांव तले की मिट्टी निकल जाना | स्तब्ध रह जाना। होश उड़ जाना। होश ठिकाने न रहना। ठक हो जाना। सन्नाटे मैं आ जाना। उ०- जाती है उनके पांव तले की जमीं निकल। सौदा। |
| पांव तले की मिट्टी सरक जाना | स्तब्ध रह जाना। |
| पांव तले मलना | दु:ख या पीड़ा देना। पीड़ित करना। कुचलना। |
| पांव तोड़कर बैठना | कहीं आना जाना बंद करना। |
| पांव थरथराना | (भय, आशंका, निर्बलता आदि से) पैर कांपना। किसी काम मैं भय, आशंका से आगे पैर न उठना। अग्रसेर होने का साहस न होना। |
| पांव दबाना | थकावट दूर करने या आराम पहुंचाने के लिए जंघे से लेकर पंजे तक हथेली रखकर दबाव पहुंचाना। पांव पलोटना। सेवा करना। |
| पांव दबना | सेवा करना। |
| पांव धरती पर रखना | घमंड मैं चूर रहना। |
| पांव धरना | पैर रखना। किसी स्थान पर जाना। पधारना। पैर छूकर प्रणाम करना। दीनता से विनय करना। |

| | |
|---|---|
| पांव धारना | पैर रखना। किसी स्थान पर जाना। पधारना। उ०- पन्थ भूमि वन पंथ पहारा। जहं जहं नाथ पांव तुम धारा। तुलसी। |
| पांव धोकर पीना | चरणामृत लेना। बड़े आदर भाव से पूजा करना। बहुत आव भगत करना। |
| (किसी के)पांव न होना | स्थिर रहने का साहस या बल न होना। दृढ़ता न होना। चल न सकना। |
| पांव निकलना | दुश्चरित्रता की बात फैलना। |
| पांव निकालना | बढ़कर चलना। इतराकर चलना। बेकहा होना। निरंकुश होना। स्वेच्छाचारी होना। नटखटी और उपद्रव करना। व्यभिचार करना। बदचलनी करना। उस्ताद होना। चालाक होना। इधर उधर की बातें समझने योग्य हो जाना। |
| (किसी काम से)पांव निकालना | किसी काम से किनारे हो जाना। तटस्थ हो जाना। |
| पांव पकड़ना | पैर छूना। अत्यधिक दीनता और विनय प्रकट करना। |
| पांव पखारना | ~~किसी का आदर करने के लिए उसका पैर धोना।~~ उ०- पांव पखारि बैठि तरु छांही। |
| पांव पड़ना | पैरों पर गिरना। साष्टांग दण्डवत् करना। अत्यन्त दीनता से विनय करना। भूत,प्रेत की छाया पड़ना। प्रभाव पड़ना। |
| पांव पर पांव रखकर बैठना | काम धंधा छोड़ आराम से बैठना या पड़ा रहना। चैन से चुपचाप पड़ा रहना। उद्योग न करना। सावधान न रहना। गाफिल पड़ा रहना। |
| (किसी के)पांव पर पांव रखना | किसी का पूरी तरह अनुगमन करना। दूसरा जो कुछ करता जाय वही करते जाना। |
| पांव पर पांव रखकर सोना | काम धंधा छोड़ आराम से बैठना या पड़ा रहना। चैन से चुपचाप पड़ा रहना। उद्योग न करना। सावधान न रहना। गाफिल पड़ा रहना। |

पांव पर सिर रखना — पैरों पर गिरना। साष्टांग दण्डवत् करना। अत्यन्त दीनता से विनय करना।

पांव पलोटना — पैर दबाना। पांवचप्पी करना।

पांव पसारना — कब्जा करना। ठाट-बाट करना।

पांव पसारे सोना — निर्भय रहना। निश्चिंत रहना। उ०- मारुत बहहु आज अपने मन सूरज तपहु सुखारे। इन्द्र वरुण यम सुर गण सोवहु पांउ पसारे। रघुराज।

पांव पांव — अपने पैरों से, सवारी आदि पर नहीं। पैदल।

पांव पांव चन्दन के पांव — एक वाक्य जिसे बच्चे के पहले पहल खड़े होने पर घर की स्त्रियां या खेलानेवाली दासियां प्रसन्न होकर कहती हैं।

पांव पांव चलना — पैरों से चलना। पैदल चलना।

पांव पीटना — बेचैनी से पैर पटकना। छटपटाना। तड़फना। मृत्यु की यंत्रणा भोगना। घोर प्रयत्न करना। हैरान होना।

पांव पूजना — अत्यधिक आव भगत करना। विवाह में कन्यादान करनेवाले का वर का पूजन करके उसे कन्या समर्पित करना।

पांव फिसलना — पैर का जमा न रहना, सरक जाना। रपटना।

पांव फूलना — भय, आशंका आदि के कारण ठठक जाना। पैर आगे न उठना। पैर में थकावट आना। थकावट से पैर दुखना।

पांव फेरने जाना — विवाह पीछे दुलहिन का पहले पहल ससुराल में जाना। दुलहिन का ससुराल से पहले पहल अपने मायके या किसी सम्बन्धी के यहां जाना और वहां से मिठाई, नारियल का गोला आदि लेकर लौटना। बच्चा होने के पीछे प्रसूता का कुछ दिनों के लिए अपनी मां बाप या और सम्बन्धियों के यहां जाना।

पांव फैलाना — अधिक पाने के लिए प्रयत्न करना। पाकर भी अधिक का लोभ करना। बच्चों की तरह अड़ना। हठ करना

| | |
|---|---|
| पांव बढ़ाना | चलने में तेज कदम रखना। आगे को बढ़ना। अतिक्रमण करना। ~~और अधिक वेग से चलना। कब्जा करना।~~ |
| पांव बाहर निकलना | अपनी स्थिति से बढ़कर काम करना। मनमानी करना। दुष्कर्म मै प्रवृत्त होना। |
| पांव बाहर निकालना | बढ़कर चलना। इतराकर चलना। बेकहा होना। नटखट और उपद्रवी होना। निरंकुश होना। स्वेच्छाचारी होना। |
| पांव भर आना | थकावट से पैर में बोझ सा मालूम होना। पैर थकना। |
| पांव भारी होना | गर्भवती होना। |
| (किसी से) पांव भी न धुलवाना | अत्यन्त तुच्छ और छोटा समझना। |
| पांव मै क्या मेंहदी लगी है ? | क्या पैर मै मेंहदी लगाकर बैठी हो कि छूटने के डर से कोई काम करना नहीं चाहती ? (व्यंग्य)। |
| पांव मै मेंहदी लगाना | कोई काम करने के लिए बाहर न जाना। |
| पांव मै बेड़ी पड़ना | बन्धन या जंजाल मै फंसना। |
| पांव मै सिर देना | पैरों पर गिरना। साष्टांग दण्डवत् करना। अत्यन्त दीनता से विनय करना। |
| पांव रगड़ना | क्लेश या पीड़ा से पैर हिलाना या पीटना। बहुत दौड़ धूप करना। बहुत हैरान होना। बहुत कोशिश करना। छटपटाना। |
| पांव रह जाना | पैरों का अशक्त हो जाना। थकावट से पैरों का बेकाम हो जाना। |
| पांव रोपना | अड़ना। प्रतिज्ञा करना। उ०- सभा मांझ प्रन करि पद रोपा। रामा० । |
| पांव लगना | चरण छूकर प्रणाम करना। पैर पड़ना। विनती करना |
| पांव लगा होना | बार बार आते जाते रहने के कारण परिचित होना। घूमा फिरा हुआ होना। |
| पांव बिचलना | पैर इधर उधर हो जाना। पैर फिसलना। धर्म पर स्थिर न रहना। ईमान डिगना। नियत मै फर्क पड़ना। |

| | |
|---|---|
| पांव समेटना | पैर सिकोड़ना। किनारा खींचना। दूर रहना। लगाव न रखना। तटस्थ होना। मरना। इधर उधर घूमना छोड़ना। |
| पांव सिकोड़ना | पांव समेटना। पैर फैला न रहने देना। |
| पांव से पांव बांधकर रखना | सदा अपने पास या ~~देख रेख में~~ रखना। कभी पास से या आंखों के सामने से हटने न देना। |
| पांव होना | चलने या काम करने में समर्थ होना। |
| पाई करना | पाई पर फैले हुए ताने को कूंची से मांजना। |
| पाक करना | धार्मिक विधि के अनुसार किसी वस्तु को धोकर शुद्ध करना। जबह किये हुए पशु या पक्षी के पास से पर, रोयें आदि दूर करना। |
| पाकेट गरम करना | घूस लेना। घूस देना। |
| पाखंड करना | ढोंग करना। |
| पाखंड फैलाना | किसी को ठगने के लिए उपाय रचना। ~~बुरे हेतु से ऐसा काम करना जो अच्छे इरादे से किया हुआ जान पड़े।~~ ढकोसला खड़ा करना। |
| पाखंड रचना | दिखावा या धोखे की बात बनाना। |
| पाखाना निकलना | मारे भय के बुरा हाल होना। |
| पाटा फेरना | पीढ़ा बदलना। पा |
| पाटी पढ़ना | पाठ पढ़ना। सबक लेना। शिक्षा पाना। उ०- तुम कौन सी पाटी पढ़े हो लला मन लेत हो देत छटांक नहीं। घनानन्द । |
| पाटी पढ़ाना | पाठ पढ़ाना। शिक्षा देना। कोई बात सिखा देना। |
| पाटी पारना | सिर के बालों में कंघी से मांग निकालना। |
| पाठ पढ़ना | कुछ सिखना, विशेषत: बुरी बात। |
| पाठ पढ़ाना | अपने मतलब के लिए किसी को बहकाना। पट्टी पढ़ाना। |

पाती का लगना — फलकड़ा होना या उसका समय आना।

पान उठाना — कोई काम करने का जिम्मा लेना।

पान कमाना — पान को उलटना पलटना और सड़े अंश या पत्तों को अलग करना।

पान खाने को (कुछ धन) देना — रिश्वत या घूस देना। पुरस्कार आदि के रूप में कुछ धन देना।

पान खिलाना — वर कन्या के सम्बन्ध में उभय पक्ष का वचनबद्ध होना मंगनी करना। सगाई करना।

पान चीरना — व्यर्थ के काम करना। ऐसा काम करना जिससे कोई लाभ न हो।

पान देना — कोई साहसपूर्ण काम कर डालने के लिए किसी को प्रेरित करना। कोई काम कर डालने के लिए किसी से हामी भरवाना। बीड़ा देना। उ०- नाम वियोगिनि के बध कीबे को काम बसंतहि पान दियो है। रघुराज। किसी के विदा होने के समय उसे सत्कार के रूप में पान का बीड़ा देना।

पान पाना — किसी के यहां से विदा होते समय सत्कार के रूप में पान का बीड़ा पाना।

पान फूल सा — अत्यन्त सुकुमार।

पान फेरना — पान कमाना।

पान बनाना — पान का बीड़ा तैयार करना। पान लगाना। बीड़ी या गिलौरी बनाना। पान कमाना।

पान लगाना — पान का बीड़ा तैयार करना।

पान लेना — कोई काम कर डालने का जिम्मा लेना। हामी भरना। बीड़ा लेना। उ०- नृपति के ले पान मन में कियो अभिमान करत अनुमान चहुंपास धाऊं। सूर।

पानी आना — पानी का रस रस कर एकत्र होना। कुएं या तालाब में पानी का सोता खुलना। घाव या आंख, नाक आदि में पानी भर आना। घाव, आंख, नाक आदि

| | |
|---|---|
| पानी उठना | पानी गिरना। किसी चीज से पसेव, लार आदि निकलना। पानी बरसने पर होना। मेंह पड़ना। |
| पानी उठना | घटा घिरना। बादल छा जाना। अब्र उठना। |
| पानी उतरना | पानी सोखना। पानी चूसना। पानी अंटाना। पानी खींचना। |
| पानी उतरना | पानी की तल या सतह का नीचा होना। पानी घटना। उतार होना। (मोती का) आब या कांति जाना। अण्ड वृद्धि का रोग होना। अपमान होना। |
| पानी उतारना | अपमानित करना। इज्जत उतारना। उ०- जिन नहिं नेकु कानि मन मानी। दीन उतारि छनक मैं पानी। । सबलसिंह । |
| पानी कर देना | किसी के चित्त को ठंढा कर देना। किसी का गुस्सा उतार देना। |
| पानी करना | साध्य या सरल कर देना। सहज कर डालना। किसी का क्रोध या आवेश शान्त करना। लोहे या किसी ऐसे कड़े पदार्थ को गलाकर पानी की तरह तरल करना। किसी के चित्त को ठंढा करना। |
| पानी का आसरा | नाव की बारी पर लगा हुआ कुछ कुछ झुका हुआ तख्ता जिस पर छाजन की ओलती का पानी गिरता है। आधी बारी। |
| पानी का बतासा | बुलबुला। बुदबुद। क्षणभंगुर वस्तु। क्षणस्थायी पदार्थ। |
| पानी का बुलबुला | क्षणभंगुर वस्तु। |
| पानी काटना | पानी का बांध काट देना। एक नाली से दूसरी में पानी ले जाना। तैरते समय हाथ से पानी को हटाना। पानी चीरना। |
| पानी की तरह बहाना | अंधाधुंध खर्च करना। उड़ाना या लुटाना। |
| पानी की पोट | वह पदार्थ जिसमें पानी अधिक होना। वे साग पात जिसमें जलीय अंश ही अधिक होता है, ठोस पदार्थ बहुत ही कम। |

| | |
|---|---|
| पानी के मोल | ~~पानी की तरह सस्ता होना।~~ बहुत सस्ता। कौड़ियों के मोल। |
| पानी के रेले में बहाना | पानी में फेंक देना। नष्ट कर देना। उड़ा देना। पानी के मोल बेच देना। कौड़ियों में लुटा देना। |
| पानी गिरना | मेह पड़ना। वर्षा होना। |
| पानी चढ़ना | पानी का ऊपर चढ़ना या बढ़ना। पानी की गति ऊंचाई की ओर होना। उ०- साबर उबट शिखर की पाटी। चढ़ा पानि पाहन हिय फाटी। जायसी । सींचा जाना। |
| पानी चढ़ाना | पानी को ऊंचाई पर ले जाना। पानी को चूल्हे पर रखना। अदहन देना। सिंचाई के लिए खेत तक पानी ले जाना। सींचना। |
| पानी चलाना | पानी फेरना। नष्ट करना। चौपट करना। उ०- ऐसे समय लखेउ ठकुरानी। पतिव्रत गाफ चलायो पानी। । लाल । |
| पानी छानना | एक विशेष कृत्य जो हिन्दुओं के यहां किसी को शीतला या चेंचक रोग होने पर किया जाता है। |
| पानी छूटना | रस रसकर पानी निकलना। थोड़ा थोड़ा पानी निकलना। रसना। |
| पानी छूना | आबदस्त लेना। |
| पानी जाना | प्रतिष्ठा नष्ट होना। इज्जत जाना। मान न रह जाना |
| पानी टूटना | कुएं, ताल आदि के पानी का कम हो जाना। झड़ी रुकना। मेह थमना। वर्षा बंद होना। |
| पानी तोड़ना | पानी का डांड़ या बल्ली से चीरना या हटाना। पखदा पानी काटना। |
| पानी थामना | धार की ओर नाव ले जाना। धार पर चढ़ना। |
| पानी दिखाना | पशुओं को पानी पिलाने के लिए उनके सामने पानी भरा बरतन रखना या उन्हें पानी तक ले जाना। पशुओं को पानी पिलाना। |

| | |
|---|---|
| पानी देना | सींचना। पानी से भरना। पानी से तर करना। तर्पण करना। चमकाना। जला करना। |
| पानी देनेवाला न रह जाना | वंश का समूल नाश हो जाना। कुल में एक व्यक्ति का जीवित न रह जाना। |
| पानी न मांगना | किसी आघात या विष आदि से इतनी जल्दी मर जाना कि एक शब्द भी मुंह से न निकले। चटपट दम तोड़ देना। तत्क्षण मर जाना। |
| पानी न रह जाना | इज्जत मिट्टी में मिलना। |
| पानी निकलना | बूंदें टूटना। वृष्टि बंद होना। |
| पानी निकालना | अति श्रमित या दलित करना। |
| पानी पढ़ना | जल को अभिमंत्रित करना। मंत्र पढ़कर पानी फूंकना। |
| पानी पड़ना | वर्षा होना। |
| पानी पड़ा | ढीला ढाला। जो कसा या तना न हो। |
| पानी पतला करना | दु:ख देना। पीड़ा पहुंचाना। |
| पानी पर नींव डालना | ऐसा काम आरम्भ करना जो टिकाऊ न हो। ऐसी वस्तु को आधार बनाना जिसकी स्थिति दृढ़ न हो। |
| पानी पर नींव होना | किसी काम या आयोजन का आधार दृढ़ न होना। किसी काम या वस्तु का टिकाऊ न होना। |
| पानी पर बुनियाद होना | किसी काम या आयोजन का आधार दृढ़ न होना। किसी काम या वस्तु का टिकाऊ न होना। |
| पानी परोसना | जल को अभिमंत्रित करना। मंत्र पढ़कर पानी फूंकना। |
| पानी पाड़ना | एक विशेष कृत्य जो हिन्दुओं के यहां किसी को शीतला या चेचक रोग होने पर किया जाता है। |
| पानी पानी करना | अत्यन्त लज्जित करना। लज्जा के मारे पसीने पसीने हो जाना। लज्जा से कट जाना। |
| पानी पानी होना | बहुत लज्जित होना। झेंपना। |

| | |
|---|---|
| पानी पी पीकर | निरन्तर। अविराम। हर समय। लगातार। |
| पानी पी पीकर कोसना | अत्यधिक कोसना। |
| पानी पीकर जाति पूछना | काम कर चुकने पर उसके औचित्य की विवेचना करना |
| (किसी पर)पानी फिरना | नष्ट होना। चौपट होना। मिट्टी में मिल जाना। बरबाद होना। |
| पानी फूंकना | मंत्र पढ़कर पानी पर फूंक मारना। पानी पढ़ना। |
| पानी फूटना | बांध या मेड़ को तोड़कर पानी का निकलना। पानी में उबाल आना। पानी खौलने लगना। |
| पानी फेर देना | ऐसा कार्य करना या कहना जिससे किया कराया कार्य नष्ट हो जाय। चौपट कर देना। मटिया मेट कर देना। |
| पानी फेरना = नष्ट करना। | |
| पानी बचाना | मर्यादा की रक्षा करना। |
| पानी बराना | सिंचाई में एक क्यारी भर जाने पर उस पानी को दूसरी क्यारी में ले जाना। |
| पानी बांधना | पानी का बहाव रोकना। बांध बांधकर या मेड़ बना कर पानी को ताल या खेत में एकत्र करके बाहर न जाने देना। जादू से बरसते पानी को रोकना। जलस्तम्भ करना। |
| पानी बुझाना | लोहे, ईंट या सोने चांदी आदि के टुकड़े को आग में लाल करके पानी में बुझाना। पानी बघारना। |
| पानी भर आना | पंक्षा या राल का किसी एक स्थान में एकत्र हो जा |
| (किसी के सामने या आगे)पानी भरना | ~~तुलना में तुच्छ सिद्ध होना। दास के बराबर ठहरना। अत्यन्त तुच्छ प्रतीत होना।~~ फीका पड़ना। लज्जित होना। पंक्षा या राल का किसी स्था में एकत्र हो जाना। दुर्दशा झेलना। अधीन या दास होकर रहना। |
| (किसी से तुलना में) अत्यन्त तुच्छ प्रतीत होना। दास के सामने के पृष्ठ पर देखिये | |
| पानी भरी खाल | अनित्य शरीर। क्षण भंगुर देह। क्षणिक जीवन। उ० रावरी सपथ राम नाम ही गति मेरे इहां झूठो झूठो सो तिलोक तिहुं काल है। तुलसी को भलो |

२- तुम्हारेहि किये कृपाल कीजे न विलंब बलि। पानी मरी झाली है। तुलसी ।

**पानी मरना** — किसी स्थान पर पानी का एकत्र होकर सोखा जाना या जज्ब होना। दोषी या अपराधी सिद्ध होना। अपमानित होना। उ०- पुनि पुनि पानि वही ठां मेरे। फेर न निकसै जो तहं परे। जायसी । आंखों का शील या संकोच खो देना।

**पानी मै आग लगाना** — असम्भव को सम्भव करना। जो बात दूसरे से न हो सकती हो उसे कर डालना। अनहोनी बातें कहना। असम्भव कार्य करना। जहां लड़ाई की बात न हो वहां भी लड़ाई लगा देना।

**पानी मै फैकना** — बरबाद करना। नष्ट करना।

**पानी मै बहाना** — बरबाद करना। नष्ट करना।

**पानी रखना** — प्रतिष्ठा या आबरू की रक्षा करना। इज्जत बचाना। उ०- रहिमन पानी राखिये बिन पानी सब सून। पानी गये न ऊबरै, मोती मानुस चून। रहीम । धार रखना।

**पानी लगना** — पानी जमा होना। पानी की ठंढक से दांतों मे टीस होना। पानी का स्पर्श दांतों को असह्य होना।

**~~(कहीं का) पानी लगना~~** — स्थान विशेष की परिस्थिति के कारण बुरी वासनायें उत्पन्न होना। स्थान विशेष के कारण स्वास्थ्य बिगड़ना या रोग होना। उ०- लागत अति पहार कर पानी। विपिन विपत नहिं जाय बखानी। तुलसी । परिस्थिति का प्रभाव पड़ना। नये लोगों के साथ का असर पड़ना।

**पानी लेना** — कुएं, ताल आदि से खेत को सिंचने के लिए पानी ले जाना। पानी छूना। आबदस्त लेना। प्रतिष्ठा या इज्जत नष्ट करना। उ०- सुंदर नैन निहारि लियो कमलन को पानी। सूर । आबरू लेना।

**पानी से पतला** — बहुत तुच्छ। बदनाम। आसान।

| | |
|---|---|
| पानी से पहले पाड़ बांधना | असम्भव संकट की आशंका से कोई यत्न करना। जिस बात का होना असम्भव हो उसके प्रतिकार का उपाय करना। अकारण सिर खपाना। व्यर्थ कष्ट करना। |
| पानी से पहले पुल बांधना | असम्भव संकट की आशंका से कोई यत्न करना। जिस बात का होना असम्भव हो उसके प्रतिकार का उपाय करना। अकारण सिर खपाना। व्यर्थ कष्ट करना। |
| पानी से पहले मोजा उतारना | किसी अनागत विपत्ति का पहले से ही प्रतिकार करने चलना। |
| पानी हो जाना | क्रोध उतर जाना। उग्रता या तेजी न रह जाना। मंद पड़ जाना। धीमा हो जाना। |
| पानी होना | धातु आदि तरल अवस्था में परिणत होना। |
| (किसी का)पानी होना | क्रोध उतर जाना। गुस्सा जाता रहना। उग्रता या तेजी न रह जाना। मंद पड़ जाना। धीमा हो जाना। |
| पाप उदय होना | पूर्वकृत पाप का फल मिलने लगना। |
| पाप कटना | पाप का नाश होना। प्रायश्चित या दण्ड भोग से पाप का अन्त होना। बाधा आदि का दूर होना। झगड़ा दूर होना। |
| पाप कमाना | पाप कर्म करना। लगातार या अत्यधिक पाप कमाना। ऐसे बुरे कर्म करते जाना जिनका फल बुरा हो। |
| पाप काटना | पाप से मुक्त करना। निष्पाप करना। झगड़ा मिटाना |
| पाप की गठरी | पापों का समूह। किसी व्यक्ति के सम्पूर्ण पाप। किसी के जन्म भर के पाप। |
| पाप गले लगना | अनिच्छापूर्वक किसी बखेड़े या झंझट के काम में बहुत समय के लिए फंस जाना। कोई बाधा साथ लगना। |
| पाप चढ़ना | पाप के प्रभाव से बुद्धि ठिकाने न रहना। |
| पाप पड़ना | सामर्थ्य से बाहर हो जाना। कठिन होना। उ०- सीरे में जननि सिसिर ऋतु सहि बिरहिन तनु ताप। बसिबे को ग्रीषम दिननि पर्यौ परोसिनि पाप। बिहारी |

पाप बटोरना — पाप कर्म करना। लगातार या अत्यधिक पाप करना। ऐसे बुरे कर्म करते जाना जिनका फल बुरा हो।

पाप मोल लेना — जान-बूझकर बखेड़े मे पड़ना। दर्द सर खरीदना। झगड़े मे पड़ना।

पाप लगना — पाप पड़ना। पाप का भागी होना। दोषी होना।

पापड़ बेलना — कठोर परिश्रम करना। भारी प्रयास करना। कठिनाई या दु:ख से दिन काटना। काम बिगाड़ना। चौपट करना। व्यर्थ के निष्फल काम करना।

पाया दृढ़ करना — आधार या स्थिति को सुदृढ़ करना।

पाया पकड़ना — सहारा या सहायक पाना या बनाना।

पाया बुलन्द होना — दर्जा बढ़ना।

पार उतर जाना — नदी आदि के बीच से होते हुए दूसरे किनारे पर पहुंचना। जिस काम मे लगे रहे हो उसे पूरा कर चुकना। किसी काम से छुट्टी पाना। मतलब को पहुंचना। सिद्धि या सफलता प्राप्त करना। मर कर समाप्त होना। मर मिटना। मतलब साध कर अलग हो जाना।

पार उतरना — नदी आदि के बीच से होते हुए दूसरे किनारे पर पहुंचना। जिस काम मे लगे रहे हो उसे पूरा कर चुकना। किसी काम से छुट्टी पाना। मतलब को पहुंचना। सिद्धि या सफलता प्राप्त करना। मर कर समाप्त होना। मर मिटना।

पार उतारना — दूसरे किनारे पर पहुंचाना। पूरा कर चुकना। समाप्ति पर पहुंचाना। उद्धार करना। दु:ख या कष्ट से बाहर करना। उबारना। उ०- रघुबर पार उतारिए अपनी ओर निहारि। समाप्त करना। ठिकाने लगाना। मार डालना।

पार करना — नदी आदि के बीच से होते हुए उसके दूसरे किनारे पर पहुंचना। पूरा करना। समाप्ति पर पहुंचना। निपटाना। निबाहना। उद्धार करना।

**पार पाना** — किसी वस्तु के अन्त तक पहुंचना। किसी काम की समाप्ति तक पहुंचना। आदि से अन्त तक जाना या पूरा करना। उ०- शेष शारदा सहस श्रुति कहत न पावैं पार। तुलसी। किसी के विरुद्ध सफलता प्राप्त करना। जीतना। किसी की गहराई या थाह तक पहुंचना। उ०- धीरज धरिय तो पाइय पारू। तुलसी।

**पार लगना** — किनारे पहुंचना। निर्वाह होना। जीवन के दिन काटना। पूरा हो सकना।

**पार लगाना** — नदी आदि के दूसरे किनारे पहुंचाना। उ०- हरि मोरि नैया पार लगा। कष्ट या दुःख के बाहर करना। उद्धार करना। पूरा करना। समाप्ति पर पहुंचाना। निर्वाह करना।

**पार होना** — दूसरे किनारे या उस पार पहुंचना। काम पूरा कर लेना।

**पारखी पड़ना** — ओट में होकर कोई व्यापार देखना या किसी की बात सुनना।

**पार्सल करना** — किसी माल को पार्सल के रूप में भेजना।

**पार्सल लगाना** — किसी माल के पुलिंदे या पैकेट को कहीं भेजने के लिए डाकघर के हवाले करना।

**पारा पिलाना** — किसी वस्तु में पारा भरना। किसी क्रिया द्वारा भारी करना।

**(किसी से) पाला पड़ना** — व्यवहार करने का संयोग होना। वास्ता पड़ना। काम पड़ना। उ०- परे आजु रावन के पाले। रामा०। अति शीत से वायु की भाफ का जम कर तुषार हो जाना।

**पाला मार जाना** — पौधे या फसल का पाला गिरने से नष्ट हो जाना। हिम या शीत से नष्ट हो जाना।

**(किसी के) पाले पड़ना** — वश में होना। काबू में आना। पकड़ में आना। उ०- परेहु कठिन रावण के पाले। तुलसी।

| | |
|---|---|
| पासंग बराबर | स्वल्प। तुच्छ। |
| (किसी का)पासंग भी न होना | किसी के सामने कुछ भी न होना। |
| पासंग होना | डंडी का बराबर न होना। |
| (किसी के)पास जाना | समागम करना। |
| पास तक न फटकना | समीप जाना। |
| (किसी के)पास बैठना | संगत करना। साथ में रहना। |
| (किसी का)पासा पड़ना | पासे का किसी के अनुकूल गिरना। जीत का दांव पड़ना। भाग्य अनुकूल होना। किस्मत जोर करना। |
| पासा पलटना | दांव फिरना। अच्छे से मंद भाग्य होना। जमाना बदलना। दिन का फेर होना। |
| पासा फेंकना | भाग्य की परीक्षा करना। ऐसा काम हाथ में लेना जिसका फल कुछ भी निश्चित न हो। |
| पिंड छूटना | छुटकारा मिलना। |
| पिंड छोड़ना | साथ न लगा रहना। सम्बन्ध न रखना। तंग न करना। |
| पिंड पड़ना | पीछे पड़ना। किसी काम या बात के लिए अत्यधिक आग्रह करना। |
| पिंडली हिलना | पैर थर्राना। भय से कंपकंपी होना। |
| पिंडा देना | श्राद्ध और तर्पण करना। पिंडा पारना। |
| पिंडा धोना | स्नान करना। नहाना। |
| पिंडा पारना | श्राद्ध और तर्पण करना |
| और ~~पिंडा पारना~~ | ~~पिंडदान करना।~~ |
| पिंडा फीका होना | जी अच्छा न होना। तबीयत खराब होना। |
| पिचकारी छूटना | किसी स्थान से किसी तरल पदार्थ का बहुत वेग से बाहर निकलना। |
| पिचकारी छोड़ना | किसी तरल पदार्थ का वेग से पिचकारी की ~~मांति~~ भांति बाहर निकालना। |

पिछला पहर = दोपहर या आधी रात के बाद का समय।
पिछली रात = रात्रि का अन्त(काल)। रात में आधी रात के बाद का समय।

**पिचकारी निकलना** — किसी स्थान से किसी तरल पदार्थ का बहुत वेग से बाहर निकलना।

**पिछला दिन** — वह दिन जो वर्तमान से एक दिन पहले बीता हो।

**पिट्टस पड़ना** — शोक या दुःख से छाती पीटा जाना। ~~बहुतों का या सारे कुटुम्ब का एक साथ छाती पीटना।~~ कुहराम मचना।

**पिट्टस मचना** — ~~बहुतों का या सारे कुटुम्ब का एक साथ छाती पीटना।~~ कुहराम मचना।

**पिटारी का खर्च** — वह धन जो स्त्रियों को पान के खर्च के लिए दिया जाय। व्यभिचार की कमाई।

**पित्त उबलना** — अत्यधिक क्रोध आना। मिजाज भड़क उठना।

**पित्त खौलना** — अत्यधिक क्रोध आना। मिजाज भड़क उठना।

**~~(किसी का)~~ पित्त गरम होना** — क्रोधशील होना। मिजाज में गरमी होना। क्रोध की अधिकता होना।

**पित्त पित्त डालना** — कै करना। वमन करना। उलटी आना।

**पित्ता उबलना** — अत्यधिक क्रोध आना। मिजाज भड़क उठना।

**पित्ता खौलना** — अत्यधिक क्रोध आना।

पित्ता निकलना = बहुत अधिक परिश्रम का काम करना।

**पित्ता निकालना** — अत्यधिक परिश्रम का काम कराना। काम कराके किसी को पीड़ित करना।

**पित्ता पानी करना** — बहुत परिश्रम करना। जान लड़ाकर काम करना। अति कठोर प्रयास करना।

**पित्ता मरना** — क्रुद्ध या उत्तेजित होने की आदत छूट जाना। गुस्सा रह जाना।

**पित्ता मारना** — क्रोध दबाना। उत्तेजना को दबा रखना। बिना उद्विग्न हुए या ऊबे कोई कठिन काम करते रहना। कोई बदफिकर या कठिन काम करने में न ऊबना।

**पितमार काम** — बदफिकर और कठिन काम। मन मारकर किया जाने वाला काम।

पिनाक होना — (किसी काम का)अत्यन्त कठिन होना।दुष्कर या असाध्य होना।

पिसान होना — दबकर या पिसकर चूर होना।

पीका फूटना — पनपना।पल्लवित होना।कोपले फेंकना।उ०- जासु चरनजल सींचन पाई।पीका फूटि हरित ह्वै जाई। । रघुराज ।

पीछा करना — किसी के पीछे पीछे जाना या फिरा करना।कोई काम निकालने के लिए या किसी आशा से किसी के साथ लगे रहना।अनिच्छुक व्यक्ति से कोई काम कराने के लिए अत्यन्त आग्रह करना।किसी बात के लिए किसी को तंग करना।गले पड़ना।किसी को पकड़ने, मारने या भगाने आदि के लिए उसके पीछे चलना।

पीछा छुड़ाना — पीछा करनेवाले से छुटकारा प्राप्त करना।अप्रिय या इच्छा विरुद्ध सम्बन्ध का अन्त करना।दु:खदायी सम्बन्ध से छुटकारा प्राप्त करना।दु:खद कार्य को समाप्त कर सकना या कर लेना।

पीछा छुटना — किसी अप्रिय व्यक्ति या वस्तु से छुटकारा मिलना।

पीछा छोड़ना — पीछा करने का काम बन्द करना।किसी बात के लिए किसी से अत्यन्त आग्रह करना बन्द करना।तंग करना बन्द करना।

पीछा छोड़ाना — परेशान या तंग न करना।अप्रिय कार्य से सम्बन्ध न रखना।

पीछा दिखाना — भागना।हारकर घर का रास्ता लेना।पीठ दिखाना। मौके पर हट जाना या धोखा देना।

पीछा देना — साथ छोड़ देना।मौके पर हट जाना या धोखा देना पहले भरोसा दिलाकर पीछे सहायता न देना।

पीछा पकड़ना — किसी आशा से किसी का साथ करना।

पीछा भारी होना — पीछे की ओर शत्रु का होना।पीछे की ओर से भय या खतरा होना।कुमुक आ जाने से सेना का पिछला भाग सबल हो जाना।

| | |
|---|---|
| पीछा लेना | अनुयायी बनना। अनुकरण करना। उ०- प्रभु मैं पीछौ लियौ तुम्हारौ। सूर। |
| पीछा होना | मार जाना। |
| (किसी के)पीछे चलना | कार्य विषय मैं किसी का पदानुसरण करना। किसी का अनुयायी या अनुगामी होना। किसी का अनुकरण करना। |
| (किसी के)पीछे छूटना | किसी के साथ रहकर उसका मेद लेने या उसकी गति विधि पर दृष्टि रखने के लिए नियुक्त किया जाना। किसी मागे हुए व्यक्ति को पकड़ने के लिए नियुक्त किया जाना। |
| पीछे छूटना | किसी विषय मैं किसी से कम होना। पिछड़ा होना। किसी विषय मैं किसी ऐसे आदमी से घट जाना जिससे किसी समय बराबरी रही हो। |
| (किसी के)पीछे छोड़ना | भेदिया बनाकर किसी को किसी के साथ लगाना। किसी का पीछा करने के लिए किसी को नियत करना। |
| (किसी को)पीछे छोड़ना | किसी विषय मै किसी से बढ़कर या अधिक होना। किसी विषय मै किसी विशेष व्यक्ति की अपेक्षा अधिक योग्य या सामर्थ्यवान हो जाना। |
| पीछे डालना | खर्च से बचाकर भविष्य की आवश्यकता के लिए कुछ रखना। संचय करना। पीछे छोड़ना। पीछे दौड़ाना। |
| पीछे न हटना | मुंह न मोड़ना। विमुख न होना। तत्पर या प्रस्तुत रहना। कोई काम करने को तैयार रहना। |
| पीछे पड़ना | किसी काम को कर डालने पर तुल जाना। किसी कार्य के लिए अविराम उद्योग करना। बार बार विफल होने पर भी किसी काम के लिए उत्साह के साथ प्रयत्न करते रहना। |
| (किसी के)पीछे पड़ना | कोई काम करने के लिए किसी से बार बार कहना। ~~किसी के पीछे लगकर उससे कोई अनुरोध करना।~~ किसी को हानि पहुंचाने के लिए आग्रहयुक्त होना। किसी |

| | |
|---|---|
| | विषय में किसी से कम होना। पिछड़ा होना। किसी विषय में किसी ऐसे आदमी से घट जाना जिससे किसी समय बराबरी रही हो। |
| पीछे लगना | किसी आशा या प्रयोजन से किसी के पीछे पीछे चला करना। अनिष्ट या अप्रिय वस्तु का सम्बन्ध हो जाना रोग, कष्टादि का बना रहना। |
| पीछे लगा लगाना | आश्रय देना। साथ कर देना। रोग, दु:ख आदि होने का स्वत: कारण होना। साथ लगा देना। अनिष्ट या अप्रिय वस्तु से सम्बन्ध करा देना। मढ़ देना। भेद लेने या निगाह रखने के लिए किसी को साथ कर देना। |
| पीठ का | जन्म क्रम में अपने सहोदर के अनन्तर का। |
| पीठ का कच्चा | (घोड़ा) जो देखने में हृष्ट पुष्ट हो, पर सवारी में ठीक चाल न जाननेवाला। |
| पीठ का सच्चा | (घोड़ा) जिसमें अच्छी चाल हो। |
| पीठ खाली होना | सहायकहीन होना। पीठ पर किसी का न होना। |
| पीठ चारपाई से लगना | बीमारी के कारण अत्यन्त दुर्बल और कमजोर हो जाना। उठने बैठने में असमर्थ होना। |
| पीठ ठोंकना | उत्तम कार्य करने के लिए अभिनन्दन करना। किसी के कार्य से प्रसन्नता प्रकट करना। किसी के कार्य की प्रशंसा करना। हिम्मत बढ़ाना। प्रोत्साहित करना। प्यार से किसी की पीठ पर थपथपाना। |
| पीठ तोड़ना | कमर तोड़ना। हिम्मत तोड़ना। हताश करना। |
| पीठ दिखाकर जाना | स्नेह तोड़कर या ममता छोड़कर जाना। घरवालों या प्रिय वर्ग से विदा होना। परदेश के लिए प्रस्थान करना। |
| पीठ दिखा जाना | हार मान लेना। विमुख हो भाग जाना। |
| पीठ दिखाना | भाग खड़ा होना। मैदान छोड़ देना। पीछा दिखाना। |
| पीठ देना | यात्रार्थ किसी या कहीं से विदा होना। विमुख |

| | |
|---|---|
| | होना।मुंह मोड़ना।भाग जाना।पीठ दिखाना। किनारा खिंचना।साथ न देना।सोना।लेटना।आराम करना।किसी की ओर पीठ करके बैठना।मुंह फेर लेना।अरुचिपूर्वक उपेक्षा प्रकट करना।किसी की ओर ध्यान देने या उसकी बात सुनने से अनिच्छा दिखाना |
| पीठ पर | एक ही माता द्वारा जन्म क्रम में पीछे। |
| पीठ पर खाना | भागते हुए मार खाना।कायरता प्रकट करते हुए घायल होना। |
| पीठ पर हाथ फेरना | बढ़ावा देना।शाबासी देना। |
| पीठ पर होना | सहायक होना।सहायता के लिए तैयार होना।जन्म क्रम में अपने किसी भाई या बहिन के पीछे होना। |
| पीठ फेरना | विदा होना।चला जाना।भाग जाना।पीठ दिखाना। किसी की ओर पीठ कर देना।मुंह फेर लेना।अरुचि या अनिच्छा प्रकट करना। |
| पीठ लगना | चित होना।कुश्ती में हार खाना।पटका जाना। पछाड़ा जाना।पीठ पर घाव होना।पीठ पक जाना। |
| (किसी की)पीठ लगाना | चित कर देना।कुश्ती में हरा देना।पछाड़ देना। पटकना। |
| पीठ लहना | जीतना।उ०- जिनके लहहिं न रिपु रन पीठी।रामा० |
| पीठासीन होना | अध्यक्षता करना।अध्यक्ष का स्थान ग्रहण करना। |
| पीड़ा खींचना | औषधि आदि से पीड़ा दूर होना। |
| पीना करना | खूब मारना। |
| (किसी की)पीर जानना | किसी का कष्ट या दु:ख समझना। |
| पीर न आना | दूसरे के दु:ख से दुखी न होना।पराये कष्ट पर न पसीजना।सहानुभूति या हमदर्दी न पैदा होना। |
| (किसी की)पीर पाना | किसी का कष्ट या दु:ख समझना। |

पी

| | |
|---|---|
| पीला पड़ना | तेज या आभा से रहित होना। भय के कारण चेहरे पर सफेदी आ जाना। रंग फीका पड़ जाना। खून सूख जाना। |
| पीली फटना | पौ फटना। सबेरा होना। |
| पील्ू पड़ना | कीड़े उत्पन्न होना। |
| पीसना पीसना | कठिन परिश्रम का काम लगातार करते रहना। |
| पुजापा फैलाना | आडम्बर फैलाना। वस्तुओं को बिना किसी क्रम के इधर उधर फैलाकर रखना। |
| (किसी पर) पुटकी पड़ना | अकाल मृत्यु आना। वज्र पड़ना। |
| पुट्ठे पर हाथ न रखने देना | चंचलता और तेजी के कारण सवार को पास न आने देना (घोड़ों के लिए)। |
| पुतला जलाना | दूसरे देश में मरनेवाले का पुतला बनाकर दाह कर्म करना। किसी के प्रति घृणा प्रकट करने या उसकी मृत्यु मनाने के लिए उसका पुतला बनाकर जलाना। |
| (किसी का) पुतला बांधना | किसी की निंदा करते फिरना। किसी की अपकीर्ति फैलाना। बदनामी करना। उ०- तौ तुलसी पूतरा बांधिहै। तुलसी। |
| पुतली फिर जाना | आंखें पथरा जाना। नेत्र स्तब्ध होना (मरण चिन्ह)। घमण्ड हो जाना। |
| पुनि पुनि | बार बार। उ०- पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारा। तुलसी। |
| पुरखे तर जाना | पूर्व पुरूषों को (पुत्र आदि के कृत्य। से) परलोक में उत्तम गति प्राप्त होना। बड़ा भारी पुण्य या फल होना। कृतकृत्य होना। |
| पुरजे पुरजे उड़ना | खण्ड खण्ड होना। टूक टूक होना। |
| पुरजे पुरजे उड़ाना | खण्ड खण्ड करना। टूक टूक करना। धज्जियां उड़ाना। |
| पुरजे पुरजे करना | खण्ड खण्ड करना। टूक टूक करना। धज्जियां उड़ाना। |
| पुरजे पुरजे होना | खण्ड खण्ड होना। टूट फूटकर टुकड़े टुकड़े होना। |
| पुरवट नाधना | पुरवट की रस्सी में बैल जोतना। |

| | |
|---|---|
| पुरवट हांकना | पुरवट के बैलों को चलाना। |
| पुराना खुर्राट | बूढ़ा। पुराना अनुभवी। किसी बात में पक्का। |
| पुराना घाघ | किसी बात में पक्का। बहुत चालाक। |
| पुराना चंडूल | बेडौल, भद्दा या बेवकूफ आदमी। |
| पुरानी खोपड़ी | बूढ़ा। पुराना अनुभवी। किसी बात में पक्का। |
| पुरानी हड्डी | पुराने आदमी का दृढ़ शरीर। |
| पुल टूटना | पुल गिर पड़ना। अधिक होना। जमघट लगना। अत्यधिक मान में आ पड़ना। |
| पुल बंधना<br>(किसी बात का) पुल बंधना | पुल तैयार होना। ढेर लगना। झड़ी बंधना। बहुत अधिकता होना। |
| (किसी बात का) पुल बांधना | ढेर लगाना। झड़ी बांधना। अतिशय करना। बहुत अधिकता कर देना। |
| (किसी की) पूंछ पकड़कर चलना | किसी के पीछे पीछे चलना। किसी का पिछलग्गू बनना। हर बात में किसी का अनुगमन करना। किसी के सहारे से कोई काम करना। सहारा लेना। किसी विषय में किसी की सहायता पर निर्भर होना। (व्यंग्य)। |
| पूंजी खोना | ऐसा घाटा उठाना कि मूलधन की भी हानि हो। भारी घाटा या क्षति उठाना। |
| पूंजी गंवाना | ऐसा घाटा उठाना कि मूलधन की भी हानि हो। भारी घाटा या क्षति उठाना। |
| पूतड़ों के अमीर | जन्म से अमीर। खानदानी या पुश्तैनी अमीर। |
| (कोई काम) पूरा उतरना | अच्छी तरह होना। जैसा चाहिए वैसा ही होना। |
| (किसी का) पूरा पड़ना | कार्य पूर्ण हो जाना। सामग्री न घटना। सामग्री की कमी से बाधा न आना। |
| (बात) पूरी उतरना | ठीक निकलना। सत्य होना। |
| (दिन) पूरे करना | किसी तरह समय बिताना। |
| (दिन) पूरे होना | अन्तिम समय निकट आना। |

| | |
|---|---|
| पेंग मारना | झूले पर झूलते समय उस पर इस प्रकार जोर पहुंचाना जिसमें उसका वेग बढ़ जाय और दोनों ओर वह दूर तक झूले। |
| पेंच काटना | पतंग काटना। |
| पेंच की बात | गूढ़ या मर्म की बात। |
| पेंच घुमाना | ऐसी युक्ति करना जिससे किसी के विचार या कार्य आदि का रूख बदल जाय।तरकीब से किसी का मन फेरना। |
| पेंच लड़ाना | दूसरे की पतंग काटने के लिए उसकी डोर में अपनी डोर फंसाना। |
| पेंच हाथ में होना | किसी के विचारों को बदलने की शक्ति होना।प्रवृत्ति आदि बदलने का सामर्थ्य होना। |
| (बिना)पेंदी का लोटा | वह मनुष्य जो किसी निश्चित सिद्धान्त का न हो।वह मनुष्य जिसकी मति बदला करे।वह मनुष्य जो कभी इस पक्ष में मिल जाय,कभी उस पक्ष में। |
| पेंदे का हलका | ओछा।वह जिसका विश्वास न किया जा सके। |
| पेंदे के बल बैठना | हार मानना।दबना।पलथी मारकर बैठना। |
| पेट आना | दस्त आना। |
| पेट का काला | कपटी।धोखेबाज। |
| पेट का कुत्ता | जो केवल भोजन के लालच से सब काम करता हो। |
| पेट का धंधा | वह पेशा जिससे गुजारा हो,जीविका। |
| पेट का पानी न पचना | कोई बात कहे,पूछे बिना न रहा जाना। |
| पेट का पानी न हिलना | कुछ परिश्रम भी न पड़ना।जरा भी कष्ट न होना। |
| पेट का हलका | क्षुद्र प्रकृति का।ओछे स्वभाव का,जिसमें गंभीरता न हो। |
| पेट का हाल | मन की बात। |

| | |
|---|---|
| पेट काटना | पैसा बचाने के लिए कम खाना। किसी को मिलनेवाले धन में कमी करना। |
| पेट की आग | भूख। पाचन शक्ति। जलन। ताप। गरमी। [illegible]। वात्सल्य। प्रेम। ईर्ष्या। डाह। |
| पेट की आग बुझाना | कुछ खाकर या पीकर भूख शांत करना। |
| पेट की बात | मन की बात। भेद की बात। रहस्यभरी बात। |
| पेट की मार देना | भूखा रखना। भोजन न देना। |
| पेट की मार मारना | भूखा रखना। भोजन न देना। |
| पेट के लिए दौड़ना | रोजी या जीविका के लिए उद्योग और परिश्रम करना |
| पेट को धोखा देना | बचाने के लिए कम खाना। |
| पेट को लगना | भूख लगना। |
| पेट खलाना | अत्यन्त दीनता दिखलाना। उ०- राम सुभाव सुने प्रभु सों कही बारक पेट खलाई। पेट पचकाकर भूखे होने का संकेत करना। उ०- तब लौं उबैने पायं फिरत पेटै खलाय, बाए मुँह सहत पराओ देस देस को। (कवित्त०)- |
| पेट खोलना | पेट की बात कहना। |
| पेट गड़ना | अपच के कारण पेट में दर्द होना। |
| पेट गदराना | गर्भवती होने के चिन्ह दिखाई देना। |
| पेट गिरना | गर्भ गिरना। गर्भपात होना। |
| पेट गुड़गुड़ाना | बादी के कारण आंतों में गुड़गुड़ शब्द होना। पेट में वायु का विकार होना। |
| पेट चलना | दस्त जारी होना। बार बार दस्त होना। रोजी चलना। निर्वाह होना। |
| पेट चलाना | निर्वाह करना। गुजर करना। व दस्त लाना। |
| पेट चोट्टी | गर्भवती होने पर भी जिसके गर्भ के लक्षण दिखाई न पड़े। |
| पेट छंटना | पेट का साफ हो जाना। पेट की मोटाई कम होना। प्रसूता के गर्भाशय का अच्छी तरह साफ हो जाना। दुबला हो जाना। |

| | |
|---|---|
| पेट छूटना | दस्त होना। |
| पेट जलना | अत्यन्त भूख लगना। अत्यन्त असन्तुष्ट या क्रुद्ध होना। भर पेट भोजन न मिलना। |
| पेट जारी होना | दस्त लगना। दस्त होने की बीमारी हो जाना। |
| पेट ठंढा होना | बच्चों का सुख देखना। सन्तान का जीवित रहना। |
| पेट दिखाना | पेट दिखाकर भूखे होने का संकेत करना। पेट की रोग की पहचान कराना। पेट के रोग का निदान कराना। दीनता प्रकट करना। गर्भ होने या न होने की परीक्षा करना। |
| पेट देना | अपना गूढ़ भेद या विचार किसी को बतलाना। अपने मन की बात बतलाना। उ०- अपनो पेट दियो तैं उनको नाकबुद्धि तिय सबै कहै री। सूर । |
| पेट पकड़ना | परेशान होना। बहुत दुखी या तंग अथवा व्याकुल होना। |
| पेट पकड़े फिरना | परेशान होना। बहुत दुखी, तंग या व्याकुल होना। |
| पेट पाटना | जो कुछ मिल जाय उसी से पेट भर लेना। भूख के मारे खाद्य या अखाद्य का विचार छोड़कर खा लेना। |
| पेट पानी होना | पतले दस्त आना। |
| पेट पालना | कठिनता से खाने भर को कमा लेना। जीवन निर्वाह करना। दिन काटना। |
| पेट पीठ एक हो जाना | बहुत दुबला हो जाना। बहुत भूखा होना। |
| पेट पीठ से लगना | बहुत दुबला हो जाना। बहुत भूखा होना। |
| पेट पोंछना | सबसे अन्तिम सन्तान होना। |
| पेट पोसू | पेटू। खाऊ। ए |
| पेट फूलना | किसी बात को जानने या कहने के लिए अथवा किसी पदार्थ को पाने आदि के लिए व्याकुल होना। किसी बात के लिए अत्यधिक उत्सुक होना। अत्यधिक हंसने के कारण पेट में हवा भर जाना। पेट में वायु का |

| | |
|---|---|
| | प्रकोप होना। गर्भ हो जाना। |
| पेट बढ़ाना | अति लालच या लोभ करना। |
| पेट बांधना | कम खाना। |
| पेट भरना | रूखा सूखा भोजन करना। |
| पेट मारकर मरना | आत्मघात करना। उ०- पेट ना दिखावो कोऊ पेट मारि मरिहै। |
| पेट मारना | बचाने के लिए कम खाना। आत्मघात करना। आत्महत्या करना। |
| पेट मोटा हो जाना | बहुत घूसखोर हो जाना। अधिक रिश्वत लेने लगना। |
| पेट मे खलबली पड़ना | बहुत भूख लगना। व्याकुल या चिन्तित होना। व्यग्रता या खलबली होना। |
| पेट मे घुसना | भेद लेने के लिए घनिष्ठ मित्र बनना। |
| पेट मे चूहे कूदना । दौड़ना | बहुत भूख लगना। व्यग्रता या चिन्तित होना। खलबली होना। व्याकुल होना। |
| पेट मे चींटे की गिरह होना | बहुत कम खाना। थोड़ा भोजन करना। |
| पेट मे चूहों का कलाबाजी खेलना | बहुत भूख लगना। व्याकुल या चिन्तित होना। व्यग्रता या खलबली होना। |
| पेट मे दाढ़ी होना | बचपन ही मे बहुत बुद्धिमान होना। छोटी अवस्था मे ही बड़ों की सी बातें करना। |
| पेट मे डालना | खा जाना। कोई बात अपने मन मे रखना। भेद प्रकट न होने देना। |
| पेट मे पांव होना | अत्यन्त छली या कपटी होना। चालबाज होना। |
| पेट मे बल पड़ना | इतनी हंसी आना कि पेट मे दर्द होने लगे। |
| पेट मे बैठना | भेद लेने के लिए मित्र बनना। रहस्य जानने के लिए मेल बढ़ाना। गुप्त भेद जान लेना। |
| पेट मे रखना | खा लेना। किसी बात को गुप्त रखना। |

| | |
|---|---|
| पेट मै लेना | सहना। झेलना। |
| पेट मै हाथ समाना | लोभ या मद मै अति प्रभावित होना। |
| पेट मै होना | अधिकार या चंगुल मै होना। गुप्त रूप से पास मै होना। मन मै होना। ज्ञान मै होना। |
| पेट रखना | गर्भवती कर देना। |
| पेट रहना | गर्भ स्थित होना। गर्भ रहना। |
| पेट लग जाना | भूख से पेट का अन्दर धंस जाना। भूखों मरना। |
| पेट लेना | भेद लेना। |
| पेट से निकालना | किसी के द्वारा उड़ाई या छिपाई कर रक्खी हुई वस्तु को प्राप्त करना। हजम की हुई चीज पाना। |
| पेट से पांव निकालना | किसी अच्छे आदमी का बुरा काम करने लग जाना। कुमार्ग मै लगना। बहुत इतराना। |
| पेट से सीखना | स्वभावत: सीख जाना। |
| पेट से होना | गर्भवती होना। |
| पेटा छोड़ना | उड़ती हुई गुड्डी की डोर का बीच मै से लटक या झूल जाना। |
| पेटा तोड़ना | उड़ती हुई गुड्डी की बीच मै लटकती या झूमती हुई डोर तोड़ना। |
| पेटी उतरना | पुलिस के सिपाही का निलम्बित या पदच्युत किया जाना। |
| पेटी पड़ना | तोंद निकलना। |
| पेश आना | बर्ताव करना। व्यवहार करना। घटित होना। सामने आना, होना। |
| पेश करना | सामने रखना। दिखलाना। सम्मुख उपस्थित कर देना। भेंट करना। नजर करना। |
| पेश चलना | वश चलना। अधिकार या जोर चलना। |

| | |
|---|---|
| पेश जाना | वश चलना। अधिकार या जोर चलना। |
| (किसी से) पेश पाना | जीतना। होड़, मुकाबिले आदि मे बढ़ना। कृत-कार्य होना। |
| पेशा कमाना | स्त्री का व्यभिचार द्वारा धन कमाना। |
| पेशा करना | वेश्या का काम करना। |
| पेशानी पर बल आना | क्रोध से ललाट पर के चमड़े का ऊपर की ओर खिंच जाना। त्योरी चढ़ना। |
| पेशाब करना | अत्यन्त तुच्छ समझना। मूतना। |
| (किसी के) पेशाब का चिराग जलना | किसी का अत्यन्त प्रतापी होना। अत्यधिक दबदबा होना। |
| (किसी के) पेशाब की राह बहा देना | = रंडीबाजी में रुपये बहा देना। |
| पेशाब निकल पड़ना | = इतना डर जाना कि पेशाब निकल पड़े। |
| पेड़ मरना | किसी देवता या तीर्थ की ओर पैर नापते चलना। इस प्रकार शपथ खाना जैसे-तू सच बोलता है तो गंगा की ओर पेड़ मर जा। |
| (किसी के) पेड़े परना | पीछे पड़ना। तंग करने के लिए साथ लगे फिरना। बार बार तंग करना। उ०- मानत नाहिं हटकि हारी हम पेड़े परे कन्हाई। अनुकरण करना। अनुगामी बनना। |
| पैगाम डालना | सबन्ध करने का सन्देश भेजना। सम्बन्ध करने की बातचीत करना। |
| पैज पड़ जाना | प्रतिद्वंद्विता हो जाना। लागडाट हो जाना। |
| पैज सरना | प्रतिज्ञा पूरी होना। उ०- वाकी पैज रे। सरै। सूर। |
| पैतरा दिखाना | चाल या युक्ति के द्वारा अपनी चालाकी दिखाना। |
| पैतरा बदलना | पटा चलाने या कुश्ती लड़ने मे ढब के साथ इधर घ उधर पैर रखना। नयी चाल चलना। नया हाथ दिखाना। |
| पैतरा मांजना | घ घूमते हुए पैर रखना और हाथ घुमाना। |
| पैबंद लगाना | बात मे बात जोड़ना। मेल मिलाना। अधूरी या बिगड़ी हुई बात मे नई बात जोड़कर उसे पूरा करना या सुधारना। |
| पैर उखड़ जाना | पैर जमे न रहना। टिक न सकना। पराजित होना। |

....

| | |
|---|---|
| पैर उखाड़ देना | स्थान से विचलित करना। हटाना। भगाना। |
| पैर उठाना | चलने के लिए कदम बढ़ाना। डग आगे रखना। चलना आरम्भ करना। डग भरना। |
| पैर का नाखुन न देखना | सूरत न देखना। |
| पैर की धूल | अत्यन्त तुच्छ वस्तु या व्यक्ति। नाचीज। |
| पैर छांदना | जाने से रोकना। |
| पैर छूटना | मासिक धर्म या रज:स्राव अधिक होना। |
| पैर छूना | चरण स्पर्श करना। दीनतापूर्वक विनय करना। दीनता प्रकट करना। |
| पैर जमना | स्थिर होना। दृढ़ता रखना। हटने या विचलित होने की आस्था न आना। |
| पैर डालना | दखल देना। |
| पैर तोड़कर बैठना | कहीं आना-जाना बंद करना। प्रयत्न करते करते थककर बैठना। हार कर बैठना। |
| पैर तोड़ना | चलते चलते थक जाना। बहुत दौड़ धूप करना। इधर उधर हैरान होना। घोर प्रयत्न करना। |
| पैर धरना | कदम रखना। चलना। |
| (धरती पर)पैर न रखना | इतराना। |
| (किसी के)पैर न होना | ठहरने की शक्ति या साहस न होना। दृढ़ता न होना। |
| पैर निकालना | पीछा छुड़ाना। |
| पैर पकड़ना | कहीं जाने से रोकना। उ०- जानति जो न श्याम रहै पुनि पांव पकरि घर राखति। सूर। पैर छूना। बड़ी दीनता और विनय करना। उ०- अब यह बात कहौ जनि ऊधौ, पकरति पांव तिहारे। सूर। पैर छूकर प्रणाम करना। भक्ति और आदरपूर्वक प्रणाम करना। |
| पैर पसारना | पैर फैलाना। आराम से पड़ना या सोना। मरना। आडम्बर खड़ा करना। ठाट बाट करना। उ०- तेतो पायं पसारिये जेतो लांबी सौर। |

| | |
|---|---|
| पैर पूजना | बड़ा आदर करना। बड़ी श्रद्धा भक्ति करना। बहुत पूज्य मानना। विवाह में कन्यादान के समय कन्याकुल के लोगों का वर का पूजन करना और कन्यादान में योग देना। [illegible] |
| पैर फंसाना | अपने आपको संकट में डालना। |
| पैर फैलाना | पैर पसारना। आराम से पड़ना या सोना। मरना। आडम्बर खड़ा करना। ठाट बाट करना। |
| पैर बढ़ाना | चलना। बड़े बड़े डग रखना। फाल मरना। अधिकार बढ़ाना, अतिक्रमण करना। |
| पैर भर जाना | थक जाना। |
| पैर भारी होना | पैट होना। गर्भ रहना। |
| पैर रखना | कदम रखना। चलना। |
| पैर से पैर बांधकर रखना | बराबर अपने पास रखना। पास से अलग न होने देना। बड़ी चौकसी रखना। निगाह के बाहर न होने देना। |
| पैर सो जाना | पैर सुन हो जाना। स्तब्ध हो जाना। पैर झन्ना उठना |
| पैरों चलना | पैदल चलना। |
| पैरों पर गिरना | साष्टांग दण्डवत् करना। अत्यन्त दीनता से विनय करना भक्ति करना। |
| पैरों पड़ना | पैरों पर गिरना। साष्टांग दण्डवत् करना। अत्यन्त दीनता से विनय करना। |
| पैसा उठना | धन खर्च होना। |
| पैसा उठाना | धन व्यर्थ नष्ट करना। फजूलखर्ची करना। |
| पैसा उड़ाना | बहुत खर्च करना। अधिक व्यय करना। ठगना। चुराना। |
| पैसा कमाना | धन उपार्जित करना। रूपया पैदा करना। |
| पैसा डुबोना | धन गंवाना या नष्ट करना। घाटा उठाना। |
| पैसा डूबना | लगा हुआ रूपया नष्ट होना। घाटा होना। |

| | |
|---|---|
| पैसा ढो ले जाना | सब धन खींच ले जाना। व्यापार आदि द्वारा किसी देश का धन दूसरे देश में ले जाना। |
| पैसा धोकर उठाना | किसी देवता की पूजा की मनौती करके अलग पैसा निकाल कर रखना। |
| पैसे का मुंह देखना | रूपये का विचार कर खर्च करना। |
| पैसे से दरबार बांधना | रिश्वत या घूस देकर मनमाना काम करना। |
| पों बोलना | हार मानना। थककर बैठ रहना। दिवाला निकलना। खुक्ख हो जाना। |
| पोइयाँ जाना | दोनों पैर फेंकते हुए दौड़ना। |
| पोई फूटना | ईख में अंकुर निकलना। |
| पोटा तर होना | पास में धन होने से प्रसन्नता और निश्चिन्तता होना। पास में माल रहने से बेफिक्री होना। |
| पोत पूरा करना | कमी पूरी करना। ज्यों ज्यों करके किसी काम को पूरा करना। |
| पोत पूरा होना | कमी पूरी होना। ज्यों त्यों करके किसी काम का पूरा होना। |
| पोता फेरना | दीवार आदि पर चूने, मिट्टी आदि का लेप करके सफाई करना। चौका लगाना। चौपट करना। सफाई कर देना। सब कुछ लूट ले जाना। |
| पोदना सा | बहुत छोटा सा। जरा सा। |
| (किसी की) पोल खुलना | भीतरी दुरवस्था प्रकट हो जाना। ~~किसी का~~ छिपा हुआ दोष या बुराई प्रकट हो जाना। भंडा फूटना। |
| (किसी की) पोल खोलना | भीतरी दुरवस्था प्रकट करना। किसी के छिपे हुए दोष या बुराई को प्रकट करना। भंडा फोड़ना। |
| पोशाक बढ़ाना | कपड़े उतारना। |
| पौ फटना | सवेरे का उजाला दिखाई पड़ना। सवेरा होना। तड़का होना। उ०- पौ फाटी, पागर हुआ, जागे जीया जून। सब काहू को देत है चोंच समाना चून। कबीर। रंचक पौ फाटन लागी। रत्नाकर। |

| | |
|---|---|
| पौ बारह पड़ना | पासे में जीत का दांव पड़ना। लाभ का मौका मिलना। |
| पौ बारह होना | पासे में जीत का दांव पड़ना। जीत होना। बन आना। भाग्य होना। लाभ का खूब अवसर मिलना। |
| पौन चलाना | जादू टोना करना। मूठ चलाना। प्रयोग करना। |
| पौन बिठाना | (किसी पर)भूत करना। किसी के पीछे प्रेत लगाना। |
| पौन मारना | जादू टोना करना। मूठ चलाना। प्रयोग करना। |
| पौने सोलह आना | बहुत सा अधिक अंश। अधिकांश। बहुत सा। लगभग पूरा। |
| पौने सोलह आने | अधिक अंश में। लगभग पूरा। |
| प्याला देना | मद्य पिलाना। शराब पिलाना। |
| प्याला पीना | मद्य पीना। शराब पीना। |
| प्याला बहना | गर्भपात होना। गर्भ गिरना। |
| प्याला भरना | आयु पूरी होना। दिन पूरे होना। |
| प्याला लेना | शराब पीना। |
| प्यास बुझाना | जल पीकर तृष्णा को शांत करना। किसी उत्कट इच्छा की पूर्ति करना। |
| प्यास लगना | प्यास मालूम होना। पानी पीने की इच्छा होना। |
| प्रतिज्ञा तारना | प्रतिज्ञा पूरी करना। उ०- जन प्रह्लाद प्रतिज्ञा पारी। । सूर । |
| प्रयोग में लाना | बल, अधिकार आदि प्रयोग करना, व्यवहार में लाना। |
| प्रसाद पाना | ~~देवता के प्रसाद के रूप में भोजन करना।~~ भोजन करना। बुराई का फल पाना। |
| प्राण अरगना | प्राण छलना। विस्मित होना। उ०- नंद यशोदा सब ब्रज वासी। अपने अपने शकट साजि के मिलन चले अविनाशी। ।T। ---- जासों जैसी भांति चाहिये ताहि मिल्यो धाय। देश देश के नृपति यह प्राण रहे अरगाय। सूर । |

| | |
|---|---|
| प्राण आना | घबराहट या भय कम होना। चित्त कुछ ठिकाने होना। हो |
| प्राण उड़ जाना | होश हवास जाता रहना। घबराहट हो जाना। हक्का बक्का हो जाना। |
| प्राण कंठगत होना | प्राण निकलने पर होना। मृत्यु का निकट आना। उ०- प्राण कंठगत भयउ भुआलू। तुलसी । |
| प्राण गले तक आना | मरने पर होना। मरणासन्न होना। उ०- ठाने अठान जेठानिनहूं सब लोगन हूं कलंक लगाये। सासु लरी गहि गांस खरी ननदीन के बोल न जात गिनाये। एती खरी जिनके लए मै सखी तै कहि कौने कहां विलमाये। आय गले लगी प्राण पै कैसेहूं मान्हर आज अजौं नहिं आए। |
| प्राण का गाहक होना | प्राण लेनेवाला होना। मार डालने की ताक मे रहने वाला होना। |
| प्राण का मुंह को आना | मरने पर होना। अत्यन्त दु:ख होना। अत्यधिक हार्दिक कष्ट होना। |
| प्राण खाना | बहुत तंग करना। बहुत सताना। |
| प्राण खोना | प्राण देना। मरना। |
| प्राण छूटा छूटना | जीवन का अन्त होना। मरना। मृत्यु होना। |
| प्राण छोड़ना | मरना। |
| प्राण जाना | जीवन का अंत होना। मरना। |
| प्राण डालना | जीवन प्रदान करना। जीवन का संचार करना। सजीव बनाना। |
| प्राण तजना | मरना। उ०- प्रिय बिछुरन को दुसह दु:ख हरखि जात प्यौसार। दुरजोधन लौं देखियत तजत प्रान इहि बार। । बिहारी । |
| प्राण देना | मरना। अधिक कष्ट पाना। किसी को अत्यधिक चाहना। प्राणों से भी बढ़कर चाहना। किसी के लिए मरने तक तैयार रहना। किसी के लिए अत्यधिक परिश्रम या प्रयत्न करना। |

| | |
|---|---|
| प्राण निकलना | मर जाना। मरना। भय से होश हवास जाता रहना। घबरा जाना। भयभीत होना। मरने का सा कष्ट होना। |
| प्राण पयान होना | मरना। |
| प्राण बचाना | जीवन की रक्षा करना। जान बचाना। जान छुड़ाना। पीछा छुड़ाना। |
| प्राण मुंह को आना | अत्यधिक दुःख होना। दुःख से व्याकुल होना। |
| प्राण मुट्ठी में लिए रहना | जीवन को कुछ न समझना। प्राण देने पर उतारू रहना। |
| प्राण रखना | जिलाना। जीवन देना। उ०- अचल करौ तन राखौ प्राना मुनि हंसि बोलेउ कृपा निधाना। तुलसी। जान बचाना जीवन की रक्षा करना। |
| प्राण लेना | मार डालना। जान लेना। उ०- चल निकेत साकेत चल्यौ निज विजय हेतु बढ़ि। प्रेतराज सम समर खेत पर प्राण लेत चढ़ि। गोपाल। |
| प्राण सूख जाना | बदहवास हो जाना। अत्यधिक घबरा जाना। बहुत डर जाना। |
| प्राण हथेली पर लिये रहना | जीवन को कुछ न समझना। प्राण देने पर उतारू रहना। |
| प्राण हरना | मारना। मार डालना। उ०- कौन के प्राण हरैं क हम, यों दृग कानन लागि मतौ चहै झूकना। अधिक दुःख देना। उ०- मिलत एक दारुण दुख देहीं। बिछुरत एक प्राण हरि लेहीं। तुलसी। |
| प्राण हारना | मर जाना। उ०- सब जल तजे प्रेम के नाते। --- समुझत मीन नीर की बातें तजत प्राण हठि हारत। जानि कुरंग प्रेम नहिं त्यागत यदपि व्याध शर मारत। सूर। साहस टूट जाना। उत्साह न रह जाना। |
| प्राणों पर आ पड़ना | प्राण संकट में पड़ना। जान जोखिम होना। बड़ी कठिनाई में पड़ना। उ०- ब्रज बहि जाय ना कहूं यों आई आंखिन तें, उमगि अनोखी घटा बरसति नेह की। कहै पद्माकर चलावै खान पान की को, प्राणन पड़ी है आनि हहरति देह की। पद्माकर। |

| | |
|---|---|
| प्राणों पर आ बनना | ऐसा संकट या कठिनता पड़ना जिसमें प्राण जाने का भय हो। |
| प्राणों पर खेलना | ऐसा काम करना जिसमें जान जाने का भय हो। प्राणों को संकट में डालना। उ०- तुम तो अपने ही मुख झूठे। ----- हमसों मिले बरष द्वादस दिन चारिक तुम सों वृठे। सूर आपने प्राणन खेलै ऊधो खेलो रूठे। सूर। |
| प्राणों पर बीतना | जीवन संकट में पड़ना। जान जोखिम होना। व जान निकल जाना। मर जाना। |
| प्राणों में प्राण आना = | [illegible] |
| प्राणों से हाथ धोना | जान देना। मर जाना। |
| (किसी की) प्रीति मानना | किसी के प्रेम से प्रसन्न होकर उसके साथ वैसा ही प्रेम करना। |
| प्रूफ देखना | प्रूफ की अशुद्धियां ठीक करना। |
| (किसी चीज का) प्रेस में होना | अप्रकाशित रूप में होना। छपने की स्थिति में होना। छपना। |